दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शुक्रवार 28 फरवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 70 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




# 12 मार्च को आ रहे हैं करंट क्राइम के होली मिलन समारोह में परफॉर्मेंस देने ये धमाकेदार सिंगर




1
**मान सिंह गोस्वामी**
प्यार करने वाले प्यार करते हैं 'मान' से, जीते हैं 'मान' से ...... मरते हैं 'मान' से!




2
**पवन गोयल**
चली-चली रे पवन मेरी चली रे .... चली बादलों के पार, होके डोर पे सवार। सारी दुनिया ये देख-देख जली रे ........




3
**मयंक गोयल**
शिकवा नहीं किसी से, किसे से गिला नहीं ...... नसीब में नहीं था जो, हमको मिला नहीं ... लेकिन इस बार मिलेगा...




4
**प्रेम त्यागी**
समंदर किनारे बैठे हैं.... कभी तो लहर आयेगी.... किस्मत खुले ना खुले साहब, चप्पल तो धुल ही जायेगी।



5
**गोपाल अग्रवाल**
मुझको देखोगे जहां तक... मुझको पाओगे वहां तक... रास्तों से कारवां तक... इस जमीन से आसमां तक ... मैं ही मैं हूं... दूसरा कोई नहीं...



6
**बॉबी त्यागी**
हम तुम एक कमरे में बंद हो... और चाबी खो जाये... तेरे नैनों की भूल-भुलैया में... बॉबी खो जाये...

www.currentcrime.com
दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति

कॉन्सेप्ट : दीपक भाटी
कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा



7
**राजेश त्यागी**
पल भर के लिए कोई मुझे प्यार कर लें.... झूठा ही सही... दो दिन के लिए कोई इकरार कर ले... झूठा ही सही...




8
**प्रदीप चौहान**
हम आपके है कौन ... हम आपके हैं कौन ....

www.currentcrime.com
दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति

जारी है.....

बुरा ना मानो, 12 मार्च को करंट क्राइम वालों की होली है

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शुक्रवार 28 फरवरी-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 70 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3








## 45 दिन बाद महाकुंभ का हुआ विधिवत समापन



**प्रयागराज।** प्रयागराज में 45 दिनों से चल रहे महाकुंभ मेले का गुरुवार को आधिकारिक रूप से समापन हो गया। महाकुंभ मेला 2025 के समापन कार्यक्रम में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत सरकार के विभागों ने महाकुंभ को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के दौरान काशी विश्वनाथ और विंध्यवासिनी का एक सर्किट बना तो अयोध्या और गोरखपुर का दूसरा सर्किट बना। वहीं प्रयागराज से श्रृंग्वेरपुर होते हुए लखनऊ और नैमिषारण्य का तीसरा सर्किट एवं प्रयागराज से लालापुर-राजापुर और चित्रकूट का चौथा सर्किट तथा प्रयागराज से वृंदावन का पांचवा सर्किट बना।

# क्या योजनाबद्ध तरीके से विधानसभा में उठाया गया है पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की मांग का मुद्दा

### - विधायक नंदकिशोर गुर्जर, संजीव शर्मा, अजीत पाल त्यागी और एमएलसी दिनेश गोयल विधानसभा में उठा चुके हैं महत्वपूर्ण विषय पर सवाल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीते दिनों उत्तर प्रदेश का विधानसभा सत्र चला और इस विधानसभा सत्र में गाजियाबाद के स्थानीय विधायकों और एमएलसी दिनेश गोयल द्वारा जिस तरीके से विधानसभा में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना की मांग का मुद्दा उठाया है, इसको लेकर चर्चा है कि यह क्या योजनाबद्ध तरीके से रखा गया है। सूत्र बता रहे हैं कि इस मामले को लेकर सबसे पहले विधायक लोनी नंद किशोर गुर्जर ने आवाज उठाई थी। तो फिर शहर विधायक संजीव शर्मा ने भी पश्चिम उत्तर प्रदेश के अधिवक्ताओं के सालों पुराने विषय पर प्रकाश डाला और मांग की थी। तो वहीं मुरादनगर क्षेत्र से विधायक अजीत पाल त्यागी ने भी अधिवक्ताओं के हित में हाई कोर्ट बेंच के विषय को विधानसभा के दौरान रखा। इसके साथ ही एमएलसी दिनेश गोयल द्वारा भी इस विषय पर सवाल उठाया गया है। वहीं शहर विधायक संजीव शर्मा ने भी इस विषय पर उनकी आवाज प्रमुखता के साथस बुलंद की है।

### क्या इस बार हाल होगा, हाई कोर्ट बेंच की मांग का मुद्दा

करंट क्राइम : पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की मांग का मुद्दा बेहद पुराना है। इसको लेकर तमाम आंदोलन और बड़े मंच एक साथ आ चुके हैं। तो वहीं इस विषय पर पूर्व में सांसद रहे राजनाथ सिंह और वीके सिंह द्वारा भी पहल की गई, पर यह अभी तक शुरू नहीं हो पाई है। उधर लखनऊ के गलियारे से सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से भाजपा के विधायकों ने एक के बाद एक इस विषय को विधानसभा में उठाया है, अंदर खाने इसको लेकर उत्तर प्रदेश सरकार या केंद्र सरकार कोई नई रणनीति तो नहीं बना रही है ताकि इस विषय पर ध्यान केंद्रित करते हुए इसे जल्द ही अमल में लाया जा सके।

### हुई हाई कोर्ट बेंच की स्थापना, तो होगा बड़ा बदलाव

करंट क्राइम : अधिवक्ताओं से लेकर नेताओं के बीच चर्चा शुरू हो गई है कि अगर पश्चिमी उत्तर प्रदेश हाई कोर्ट बेंच की स्थापना वाला मुद्दा फाइनल हो जाता है, तो इससे कई बड़े फैसले और निर्णय भविष्य में देखने को मिल सकते हैं। राजनीतिक लोग कह रहे हैं कि अगर यह सफल हुआ, तो फिर पश्चिम उत्तर प्रदेश को पूरब और पश्चिम में भी बांटा जा सकता है। तो इसके साथ ही छोटा प्रदेश और उसका अधिक विकास बीजेपी हमेशा से जोर देती रही है। कुल मिलाकर जिस तरीके से गाजियाबाद के चार विधायकों ने इस विषय को विधानसभा में उठाया है, उसकी चर्चा गाजियाबाद से लेकर इलाहाबाद और लखनऊ तक जमकर हो रही है।

# आज से महकेगा गाजियाबाद

## शुरू होगा लैंड क्राफ्ट में फ्लावर शो और चटकारा फेस्ट

### - गेट पर सजा गया ओम, समुद्र मंथन और राम सेतु का स्टैचू करेगा आकर्षित
### - दर्जनों किस्म के मिलेंगे स्वादिष्ट पकवान और सजेगा फूलों का दरबार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शुक्रवार 28 फरवरी से लेकर 2 मार्च तक लैंड क्राफ्ट स्थित परिसर में फ्लावर शो और चटकारे का आयोजन किया जा रहा है। जहां चटकारे और फ्लावर शो की शुरूआत शुक्रवार से होगी। शाम पांच बजे जिलाधिकारी गाजियाबाद दीपक मीणा इस कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। तीन दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में जहां भारतीय कला, संस्कृति का नजारा प्रस्तुत किया जाएगा। तो वहीं सैकड़ो किस्म के देसी-विदेशी फूलों को लोग पास से देख पाएंगे। तो वहीं दिल्ली से लेकर आगरा और गाजियाबाद से लेकर चांदनी चौक तक के कई लजीज पकवान भी यहां चटकारे में परोसे जाएंगे।

इसके साथ ही बच्चों के लिए ड्राइंग कंपटीशन, उनके टैलेंट को प्रदर्शित करने के लिए फैशन-शो और कई तरीके की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। आयोजक ललित जायसवाल ने बताया है कि इस बार नगर निगम के साथ ही कई अन्य विभाग इसमें भाग ले रहे हैं।

### समुद्र मंथन से लेकर राम सेतु तक की दिखेगी थीम

तीन दिनों तक लैंड क्राफ्ट सोसायटी में आयोजित होने वाले फ्लावर शो और चटकारे मेले में धार्मिक आस्थाओं को भी ध्यान में रखते हुए कई तरीके के स्टैचू और मॉडल प्रस्तुत किए जा रहे हैं। यहां गेट पर जहां ओम का स्टेचू बनाया गया है। तो वहीं सूर्य दर्शन का और सुदर्शन चक्र को भी प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ ही गार्डन में समुद्र मंथन का इलेक्ट्रिक मशीनों के माध्यम से शानदार प्रदर्शन होगा।

तो वहीं शंख-गदा व हनुमान जी के धनुष के साथ और रामसेतु व चंद्रयान जैसी उड़ान को भी यहां प्रदर्शित करने का काम किया जाएगा। इसके जरिए ना सिर्फ धार्मिक आस्थाओं को बच्चों और युवा पीढ़ी से जोड़ा जाएगा बल्कि उनको विज्ञान के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

### नागपाल के भटूरे, बाबूराम आगरा का पराठा और इंडिया गेट की चुस्की बढ़ाएगी जाएगा

करंट क्राइम : आयोजन को लेकर तमाम तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। शुक्रवार से फ्लावर शो और चटकारे का आयोजन हो रहा है। ललित जायसवाल ने जानकारी दी है कि चटकारे में जहां नागपाल के छोले भटूरे लोगों को खाने के लिए मिलेंगे। तो वहीं आगरा के फेमस बाबूराम के पराठे, दिल्ली चांदनी चौक की जलेबी, लोटन के चोले कुलचे, गाजियाबाद का गांधी आमलेट, दिल्ली की पुरानी गालियों वाली कूड़ेमल की आइसक्रीम, इंडिया गेट की चुस्की और बटर वाले पॉपकॉर्न यहां आने वाले लोगों और मेले में पहुंचने वाले दर्शकों के जायकों को बढ़ाने का काम करेंगे।

### फूलों से सजाई गई है श्रीकृष्ण की आकृति, राष्ट्रीय पक्षी मोर की कलाकृति

करंट क्राइम : लैंड क्राफ्ट में आयोजित हो रहे फ्लावर शो में जहां नगर निगम, उद्यान विभाग का विशेष कॉर्नर बनाया गया है। तो वहीं यहां फूलों से वुड हाउस की सजावट की गई है। भगवान गणेश की कलाकृति रंग-बिरंगे फूलों से सजाई गई है। तो इसके साथ ही भारत के राष्ट्रीय पक्षी मोर को भी अलग-अलग रंग के फूलों से सजाने का काम किया गया है। इसके साथ ही कई जगह फूलों की सजावट और अलग-अलग किस्म के देसी-विदेशी फूलों के कॉर्नर बनाए गए हैं। कहीं लोगों को बोनसाई और किचन गार्डन के लिए जागरूक करने के अलग से स्टॉल लगाए गए हैं। तो कुल मिलाकर तीन दिनों तक चलने वाले फ्लावर शो और चटकारे में कई तरीके के रंगारंग और सांस्कृतिक कार्यक्रम यहां देखने को मिलेंगे।

# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर बंद होगी टू व्हीलर की एंट्री

### स्कूलों को निर्देश दो पहिया वाहन चलाने वाले विद्यार्थियों को हेलमेट के बाद ही मिले प्रवेश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में सड़क हादसों में लोगों की जान को बचाने और लाइफ लाइन बढ़ाने के मकसद से जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देश पर सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करने के साथ ही जिलाधिकारी द्वारा निर्देश और आदेश दिए गए हैं। जिसमें संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस बैठक में जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। जिससे सड़क हादसों में कमी और सड़क हादसों में जान गंवाने वालों की संख्या कम की जा सके। इसके तहत दिल्ली-मेरठ मार्ग पर आईपीएम कट के पास वाहनों के निकालने हेतु कम से कम दो लेन का प्रस्तावित किया जा रहा है। तो वहीं भोजपुर व अन्य टोल प्रवेश करने वाले दो पहिया वाहनों का एंट्री पूर्ण तरीके से बंद करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही जिलाधिकारी दीपक मीणा ने शिक्षा अधिकारी-खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि जनपद के सभी स्कूल जहां विद्यार्थी दो पहिया वाहन लेकर आते हों। स्कूल प्रशासन को यह तय करना होगा दो पहिया वाहनों पर आने वाले उन्हीं विद्यार्थियों को स्कूल में प्रवेश करवाया जाए, जो हेलमेट लगाकर आएंगे। इसके साथ ही दिल्ली- मेरठ एक्सप्रेस-वे पर सेक्टर-62 पर बने बस स्टॉप पर रुकने वाली बसों को व्यवस्थित तरीके से एक लाइन में लगाने का निर्देश दिया गया है ताकि यातायात स्थिति प्रभावित न हो।



### चिन्हित किए गए हैं यह नए ब्लैक स्पॉट

करंट क्राइम : जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन में हुई सड़क सुरक्षा संबंधित मासिक बैठक के दौरान कुछ नए हॉटस्पॉट और ब्लैक स्पॉट तय किए गए हैं। जिसमें मणिपाल हॉस्पिटल, सुंदरदीप कॉलेज के सद्भावना कट तक, कौशिक ढाबा एवं टॉल उद्योग कुंज पर नया ब्लैक स्पॉट बनाया गया है। साथ ही सड़क सुरक्षा संबंधित कार्य पूर्ण करने के साथ ही एनएचएआई को अवगत कराया गया है और मुख्यालय से स्वीकृति प्रदान करते हुए सुरक्षात्मक कार्य कराया जाए।

### एसपी ट्रैफिक से लेकर एआरटीओ तक रहे मौजूद

करंट क्राइम : जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन में हुई बैठक में एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन अहमद, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग रामराज, एआरटीओ ए राहुल श्रीवास्तव, एआरटीओ दो मनोज कुमार मिश्रा, एआरटीओ परवर्तन अमित रंजन राय, अधिशासी अभियंता नगर निगम एसपी मिश्रा, अधिशासी अभियंता गाजियाबाद विकास प्राधिकरण राजीव कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता एसआरटीसी उमेश कुमार, अधीक्षण अभियंता अंकुल कुमार, एनएचएआई सीमा शिवहरे, डा. पंकज स्वास्थ्य विभाग, महेंद्र कुमार शर्मा अध्यक्ष ट्रक चालक संघ, गौरव कौशिक उपाध्यक्ष ट्रक बालक संघ, तेजपाल त्यागी अध्यक्ष बस यूनियन, सतीश कुमार पांडे व शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# प्राचीन सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर भक्तों की आस्था ने रचा इतिहास

# 25 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान दूधेश्वर का जलाभिषेक किया : श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराजश्री को फोन कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली

### जलाभिषेक का सिलसिला लगातार 24 घंटे से भी अधिक समय तक चला



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** प्राचीन सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर आस्था के सभी रिकार्ड ध्वस्त हो गए। सोमवार से बुधवार की रात्रि 12 बजे तक 25 लाख से अधिक भक्तों ने भगवान दूधेश्वर की पूजा-अर्चना की व उनका अभिषेक किया। इतनी अधिक भीड़ के बावजूद किसी भी भक्त को कोई असुविधा नहीं हुई। सभी ने महाशिवरात्रि पर्व को लेकर की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने स्वयं मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज को फोन कर व्सवस्थाओं की जानकारी ली और उनसे पूछा कि व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कोई कमी तो नहीं है।

### श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने भगवान का प्रथम अभिषेक किया



**करंट क्राइम।** भगवान दूधेश्वर के जलाभिषेक का सिलसिला रात्रि 12 बजे से हुआ। प्रथम अभिषेक मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने किया। उसके बाद भक्तों द्वारा जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हुआ तो वह लगातार 24 घंटे से भी अधिक समय तक चलता रहा। इस दौरान मंदिर ही नहीं आसपास का क्षेत्र भी भगवान दूधेश्वर व हर हर महादेव के जयकारों से गूंजता रहा। भगवान की पूजा.अर्चना व अभिषेक के लिए उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड समेत पूरे उत्तर भारत से भक्त मंदिर पहुंचे। प्रात :काल 3.30 से 4.30 बजे तक भगवान का भव्य श्रृंगार व आरती हुई। आरती महाराजश्री ने की व धूप आरती महंत गिरिशानंद गिरि महाराज ने की। प्रथम भोग प्रसाद के रूप में 108 प्रकार के व्यंजन भगवान दूधेश्वर को अर्पित किये गए। महाराज श्री ने सायं को भी भगवान दूधेश्वर की आरती की व महंत गिरिशानंद गिरि महाराज ने धूप आरती की। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज के पावन सानिध्य व अध्यक्षता में भगवान दूधेश्वर के जलाभिषेक के साथ रूद्राभिषेक व अष्ट प्रहर पूजन श्री दूधेश्वर वेद विद्यालय के आचार्यों एवं विद्यार्थियों ने कराया। मंगलवार की रात्रि 9 बजे से रात्रि 12 बजे तक शिव बारात निकाली गई। उसके बाद भगवान शिव व मां पार्वती का विवाह हुआ। बुधवार को प्रात : 9 बजे महाराजश्री के पावन सानिध्य में धर्म ध्वजा की हुई व सायं 5 बजे कलश स्थापना की गई।

### नेताओं व अधिकारियों ने भी की पूजा-अर्चना



**करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप, भाजपा के महानगर अध्यक्ष व विधायक संजीव शर्मा, पूर्व राज्यसभा सदस्य डॉक्टर अनिल अग्रवाल, पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर, पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी, कांग्रेस नेता सुशांत गोयल, जिलाधिकारी दीपक मीणा, पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, एडीएम गंभीर सिंह समेत भाजपा, कांग्रेस, सपा, बसपा, लोकदल समेत सभी दलों के नेताओं उद्यमियों व व्यापारियों ने भी भगवान दूधेश्वर की पूजा-अर्चना की व श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज का आशीर्वाद लिया।

### भक्तों के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई



**करंट क्राइम।** मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए आए सभी भक्तों के लिए प्रसाद की व्यवस्था भी की गई। धर्मार्थ सेवा समिति ने सभी भक्तों के लिए सामक के चावलों की खीरए कुटटू व सिंघाड़े के आटे की पकौड़ी के व्यवस्था की। साहिबाबाद सब्जी मंडी के फल विक्रताओं, शहर के व्यापारियों व उद्यमियों ने फल के प्रसाद में सहयोग दिया।

### अनेक शुभ संयोग में मना महाशिवरात्रि का पर्व



**करंट क्राइम।** श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर इस बार कई संयोग बने। इनमें बुधादित्य योग तो 60 वर्ष बाद बना। यह योग तब बनता है जब सूर्य और बुध एक ही राशि में स्थित होते हैं। साथ ही इस बार श्रवण और धनिष्ठा नक्षत्र का संयोग परिघ योग व शिव योग भी रहा। महाराजश्री ने बताया कि ऐसे शुभ योग में भगवान शिव व भगवान दूधेश्वर की पूजा-अर्चना करना बहुत शुभ रहता है।

### भक्तों में युवाओं की संख्या अधिक रही



**करंट क्राइम।** श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि इस बार महाशिवरात्रि पर्व पर भक्तों का जो सैलाब उमड़ा, उसमें युवाओं की संख्या अधिक रही। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व योगी आदित्य नाथ का असर है। वे सदैव धर्म के रास्ते पर चलते हैं। जैसा राजा होता है, वैसे ही प्रजा भी बन जाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व योगी आदित्य नाथ से प्रेरणा लेकर जनता भी धर्म के रास्ते पर चल रही है। महाराजश्री ने महाशिव रात्रि पर्व पर सहयोग करने वाले सभी भक्तों का आभार जताया और अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

# महाकुंभ के समापन पर सीएम योगी ने संगम घाट पर की पूजा





## दोनों डिप्टी सीएम भी रहे मौजूद

**प्रयागराज।** महाकुंभ के समापन पर सीएम योगी आदित्यनाथ प्रयागराज पहुंचे। यहां उन्होंने श्रमदान करते हुए झाड़ू लगाकर अरैल घाट पर साफ-सफाई की। फिर संगम घाट पर जाकर पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनके साथ दोनों डिप्टी सीएम मौजूद रहे। सीएम योगी महाकुंभ को सफल बनाने वाले लोगों का आभार व्यक्त करेंगे। इसमें पुलिसकर्मी, सफाईकर्मी समेत तमाम विभागों के लोग शामिल हैं।

इससे पहले प्रयागराज पहुंचे केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे कर्मियों से मुलाकात की और उन्हें कुंभ में शानदार काम करने के लिए धन्यवाद दिया। रेल मंत्री ने कहा कि मैं पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देना चाहता हूं जिनके नेतृत्व में इतना भव्य आयोजन हुआ। सभी के सहयोग से हम घनिष्ठ समन्वय के साथ काम कर पाए, जिसकी वजह से हम 13,000 ट्रेनों की योजना के मुकाबले 16,000 से अधिक ट्रेनों का संचालन करने में सक्षम हुए।

बकौल अश्विनी वैष्णव- हम महाकुंभ के लिए लगभग 4 से 5 करोड़ श्रद्धालुओं को संगम तक लाने में सक्षम हुए। हमने सुनिश्चित किया कि महाकुंभ के 45 दिनों के दौरान श्रद्धालुओं को रखरखाव के मामले में किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। पीएम नरेंद्र मोदी ने हमें महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था पर विचार करने और उन्हें भीड़ के रूप में न देखने के लिए निर्देशित किया। हम सभी व्यवस्थाओं का विश्लेषण करेंगे और रेलवे संचालन नियमावली में स्थायी बदलाव लाएंगे।

बता दें कि प्रयागराज में संगम के पावन तट पर 13 जनवरी से शुरू हुआ महाकुंभ मेला बुधवार को महाशिवरात्रि के शाही स्नान के साथ ही संपन्न हो गया है। 45 दिन तक चले इस महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुंचे जो एक रिकॉर्ड है। आज त्रिवेणी के तट पर महाकुंभ का आधिकारिक समापन समारोह हो रहा है जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल हुए हैं।

प्रयागराज में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि महाकुंभ में आए सभी श्रद्धालुओं का मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मैं सहयोग प्रदान करने वाले सभी सफाई कर्मचारियों, डॉक्टरों, नर्सों, पैरामेडिक्स और अन्य कर्मचारियों का अभिनंदन करता हूं और आभार व्यक्त करता हूं।

मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

वहीं, प्रयागराज में संपन्न हुए भव्य महाकुंभ को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक ब्लॉग अपनी वेबसाइट पर साझा किया है। आयोजन को एकता का महाकुंभ करार देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि ये महाकुंभ एकता का महाकुंभ था, जहां 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ गई थी।

पीएम ने सीएम योगी के नेतृत्व की तारीफ करते हुए कहा कि शासन, प्रशासन और जनता ने मिलकर इस एकता के महाकुंभ को सफल बनाया। उन्होंने कहा कि जनता जनार्दन, जो मेरे लिए ईश्वर का ही स्वरूप है, श्रद्धालुओं की सेवा में भी अगर हमसे कुछ कमी रह गई हो, तो मैं जनता जनार्दन का भी क्षमाप्रार्थी हूं।



### नाव चालकों के लिए सीएम योगी की बड़ी घोषणा, पंजीकरण के बाद मिलेगी पांच लाख की बीमा योजना

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य, उत्तर प्रदेश के ऊर्द्ध प्रशांत कुमार समेत प्रदेश कैबिनेट के मंत्रियों और अधिकारियों ने सफाई कर्मचारियों के साथ भोजन किया।

## सीएम योगी ने कैबिनेट के संग सफाईकर्मियों के साथ किया भोजन, दिया समरसता का संदेश



**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार को प्रयागराज पहुंचे। अरैल स्थित त्रिवेणी संकुल में उन्होंने सफाई कर्मचारियों से मुलाकात की। पूरे महाकुंभ क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की बखूबी जिम्मेदारी निभाने के लिए सफाईकर्मियों को सम्मानित किया। इसके बाद सीएम योगी ने अपने कैबिनेट के सहयोगियों के साथ पंडाल में सफाईकर्मियों के साथ भोजन किया।

सीएम ने कहा कि सफाई कर्मियों ने पूरे उत्साह के साथ जिस तरह से महाकुंभ को गंदगी मुक्त बनाने का कार्य किया है इसकी जितनी भी सराहना की जाए कम है। सफाई कर्मियों के अथक परिश्रम और सहयोग से महाकुंभ सकुशल संपन्न हो सका। सफाई व्यवस्था में सभी कर्मचारी दिन रात लगे रहे। देश विदेश से आने वाले श्रद्धालु महाकुंभ में सफाई की व्यवस्था को देखकर काफी खुश हुए।

महाकुंभ का किया औपचारिक समापन : संगम पर 45 दिनों तक चले महाकुंभ का औपचारिक समापन बृहस्पतिवार को हो गया। महाकुंभ का समापन तो बुधवार को अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि के साथ ही हो गया था। आस्था के इस महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। तरह से माने तो देश के हर दूसरे व्यक्ति ने संगम में स्नान किया है। स्नान के बाद संगम का पवित्र जल भी लोग अपने घर ले गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ का औपचारिक समापन किया।

इसके पहले उन्होंने अरैल घाट की खुद सफाई की और कूड़े को बीनकर डस्टबिन में डाला। साइबेरियन पक्षियों को दाना खिलाया। मां गंगा की पूजा अर्चना की।

उनके साथ दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री एके शर्मा, सुरेश खन्ना, राकेश सचान, नंद गोपाल गुप्ता नंदी, विधायक हर्षवर्धन, सिद्धार्थनाथ सिहं, दीपक पटेल, गुरु प्रसाद मौर्य, वाचस्पति, सुरेंद्र चौधरी, केपी श्रीवास्तव, पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीके सिंह, महापौर उमेशचंद्र गणेश केसरवानी आदि मौजूद रहे।

### सफाईकर्मियों के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बड़ा एलान

## 10 हजार का बोनस... 16000 माह न्यूनतम वेतन

**प्रयागराज।** महाकुंभ के समापन के बाद प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ी घोषणा की है। महाकुंभ में लगे यूपी के सफाई कर्मचारियों को 10 हजार का अतिरिक्त बोनस मिलेगा। इसके अलावा न्यूनतम 16000 प्रति माह वेतन की घोषणा की है।

इसके अलावा महाकुंभ में कार्यरत सभी कर्मियों को पांच लाख तक मुफ्त इलाज का लाभ मिलेगा। अप्रैल निगम गठित होगा। अप्रैल से कर्मचारियों के खाते में रुपये भी भेजे जाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वच्छता कर्मियों को पहले आठ से 11 हजार रुपये माह मिलते थे। अब इसे अप्रैल से बढ़ाकर कम से कम 16 हजार किया जाएगा। इसके साथ ही सभी कर्मचारियों को आयुष्मान योजना से जोड़कर जन आरोग्य बीमा का भी लाभ दिया जाएगा।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, ₹हमारी सरकार ने प्रयागराज में महाकुंभ में सफाई और स्वास्थ्य कर्मचारियों को 10,000 रुपये का बोनस देने का फैसला किया है। हम यह सुनिश्चित करने जा रहे हैं कि अप्रैल से सफाई कर्मचारियों को 16,000 रुपये का न्यूनतम वेतन प्रदान किया जाएगा... अस्थायी स्वास्थ्य कर्मचारियों को सीधे बैंक हस्तांतरण दिया जाएगा और उन सभी को स्वास्थ्य कवरेज के लिए आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा जाएगा, जिससे बेहतर कल्याण और सहायता सुनिश्चित होगी।₹

उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ 2025 के दौरान सबसे बड़े समन्वयित सफाई अभियान का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने आज पुरस्कार प्राप्त किया।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य, उत्तर प्रदेश के ऊर्द्ध प्रशांत कुमार समेत प्रदेश कैबिनेट के मंत्रियों और अधिकारियों ने सफाई कर्मचारियों के साथ भोजन किया।

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ के समापन के बाद प्रयागराज में नाव चालकों से बातचीत करते हुए सीएम ने कहा, ₹पंजीकरण के बाद हर नाव चालक को 5 लाख रुपये की बीमा योजना दी जाएगी। नाव खरीदने के लिए धनराशि दी जाएगी। जिन लोगों के पास स्वास्थ्य बीमा नहीं है, उन्हें आयुष्मान भारत योजना के तहत कवर किया जाएगा।₹

## अयोध्या : अप्रत्याशित भीड़ ने बदली रामलला की दिनचर्या, 19 घंटे तक दे रहे हैं भक्तों को दर्शन





### भोग और आरती का समय भी घटा

**अयोध्या।** महाकुंभ शुरू होने के बाद रिकॉर्ड संख्या में लोग अयोध्या पहुंच रहे हैं। इस बीच इतनी भीड़ आ जाएगी इसकी कल्पना मंदिर ट्रस्ट ने भी नहीं की थी। पिछले एक माह से आ रही अप्रत्याशित भीड़ ने रामलला की दिनचर्या बदल दी है। मकर संक्रांति से महाशिवरात्रि तक रामलला के दरबार में सवा करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने हाजिरी लगाई है। अधिक से अधिक श्रद्धालु रामलला के दर्शन कर सकें इसलिए मंदिर सुबह पांच बजे से रात 12 बजे तक खोला जा रहा है। रामलला प्रतिदिन 19 घंटे भक्तों को दर्शन दे रहे हैं।

रामलला के दरबार में रोजाना साढ़े तीन से चार लाख श्रद्धालु हाजिरी लगा रहे हैं। ट्रस्ट की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार मकर संक्रांति 14 जनवरी से 26 फरवरी महाशिवरात्रि तक रामलला के दरबार में 1.26 करोड़ श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया है। राम मंदिर में निरंतर उमड़ रही भीड़ ने रामलला की पूरी दिनचर्या को प्रभावित कर रखा है।

पुजारियों का कहना है कि रामलला की आरती, राग-भोग के दौरान भी मंदिर बंद नहीं हो पा रहा है। बताया गया कि इस समय रामलला को सुबह चार बजे ही जगाया जाता है। इसके बाद उनकी मंगला व श्रृंगार आरती होती है। सुबह पांच बजे से मंदिर दर्शन के लिए खोल दिया जाता है। श्रद्धालुओं में दर्शन की ललक इस कदर है कि रात दो बजे से दर्शनपथ पर श्रद्धालु जुटने लगते हैं। दोपहर की आरती के दौरान भी दर्शन चलता रहता है। केवल पांच से 10 मिनट के पर्दा लगाकर रामलला को भोग अर्पित किया जाता है। इस दौरान श्रद्धालु मंदिर में कतारबद्ध रहते हैं।

### 18 से 19 घंटे खुल रहा है मंदिर

पहले दोपहर भोग आरती के लिए मंदिर एक घंटे के लिए बंद किया जाता था। यही स्थिति संध्या आरती के दौरान भी रहती है। राममंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय भी श्रद्धालुओं की भीड़ को अप्रत्याशित बताते हैं। उनका कहना है कि रामलला को ठीक से विश्राम नहीं मिल पा रहा है, मंदिर 18 से 19 घंटे खोलना पड़ रहा है, यह स्थिति व्यवहारिक नहीं है।

## भाजपा हाईकमान ने तय किया योगी मंत्रिमंडल विस्तार का फॉर्मूला, 75 आयु सीमा का रखा जाएगा ध्यान

**लखनऊ।** योगी मंत्रिमंडल की बहुप्रतीक्षित विस्तार जल्द ही होने जा रहा है। महाकुंभ और विधासभा का सत्र पूरा होते ही इस दिशा में काम तेज होगा। सूत्रों के अनुसार यूपी में मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर पार्टी हाईकमान ने अपना होमवर्क पूरा कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक, दो-तीन मंत्रियों की जहां छुट्टी होगी, वहीं तीन-चार नए चेहरे शामिल होंगे।

लंबे समय से पार्टी के लिए काम कर रहे नेताओं को होली का तोहफा देने की तैयारी है। राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक, कुछ मंत्रियों के विभागों में बदलाव होगा। जिनके विभाग में भ्रष्टाचार की शिकायतें मिली हैं या मंत्रियों की परफॉर्मेंस ठीक नहीं है, उन्हें हटाया जाएगा। अहम विभाग के साथ पश्चिम के भी दो चेहरे मंत्रिमंडल में शामिल हो सकते हैं। वहीं, विस्तार में 75 वर्ष की आयु सीमा का भी ध्यान रखा जाएगा। सूत्र बताते हैं कि प्रदेश स्तर से इस संबंध में फीडबैक लिया जा चुका है। अगले 8-10 दिनों में विस्तार होने की पूरी संभावना है।

**जल्द ही जारी होगी भाजपा जिलाध्यक्षों की सूची :** प्रदेश में भाजपा के जिलाध्यक्षों की सूची जल्द ही जारी होगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने बीते दिनों कहा था कि दिल्ली विधानसभा चुनाव और महाकुंभ के आयोजन की वजह से ही प्रक्रिया कुछ धीमी हो गई थी। अब सूची जारी होने में अब कहीं कोई पेंच नहीं है।

बीते दिनों जिलाध्यक्षों की सूची जारी होने में हो रही देरी से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा था कि सूची जारी होने में जो भी बिंदू सामने आए थे, सभी का निस्तारण हो गया है। भाजपा का संगठन सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी है। समाज के सभी वर्गों में हमारा प्रतिनिधित्व है। उन्होंने कहा कि हमारा ही एक ऐसा संगठन है, जिसमें महिलाओं और अनुसूचित जाति समेत सभी वर्गों के लिए काम करने के समान अवसर दिए गए हैं और आगे भी इसका ख्याल रखा जाएगा।

## विधानसभा में आप विधायकों को न घुसने देने पर भड़कीं आतिशी



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को चिट्ठी लिखी है। आतिशी ने राष्ट्रपति से तत्काल मिलने का समय मांगा है। आतिशी ने विधानसभा में आम आदमी पार्टी (आप) विधायकों को न घुसने देने पर राष्ट्रपति से मुलाकात के लिए समय मांगा है। आतिशी विधायक दल के साथ राष्ट्रपति से मिलने जाएंगी।

नेता विपक्ष आतिशी ने कहा, 'विधानसभा परिसर के बाहर रोकना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। बाबासाहेब आंबेडकर और अमर शहीद भगत सिंह की तस्वीर दिल्ली सरकार के दफ्तरों से हटाना शहीदों और दलित पिछड़ों का अपमान है।'

### आतिशी ने राष्ट्रपति से तत्काल मिलने का मांगा समय

दिल्ली विधानसभा परिसर के बाहर आम आदमी पार्टी के विधायक धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका आरोप है कि उन्हें और उनकी पार्टी के विधायकों को विधानसभा परिसर के अंदर घुसने नहीं दिया जा रहा है। उधर, दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के तौर पर अमानतुल्लाह खान विधानसभा की कार्यवाही में हिस्सा ले रहे हैं। जिस दिन एलजी का अभिभाषण था उस दिन अमानतुल्लाह अनुपस्थित थे। इसलिए उन्हें बाहर नहीं किया गया था।

दिल्ली विधानसभा नेता विपक्ष आतिशी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को चिट्ठी लिखी। आतिशी ने आप विधायक दल के साथ राष्ट्रपति से तत्काल मिलने का समय मांगा। आतिशी ने कहा कि विधानसभा परिसर के बाहर रोकना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।

## कमिश्नरेट में चार एसीपी को मिली नई जिम्मेदारी

### उपासना पांडे को बनाया गया एसीपी वेव सिटी और साहिबाबाद की कमान मिली श्वेता यादव को







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में चार एसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। तो वहीं कुछ एसीपी साइड लाइन ही बन रहंगे। गुरुवार की रात जो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की एसीपी स्तर की तबादला लिस्ट आई है। इसमें सिद्धार्थ गौतम को एसीपी मसूरी से एसीपी लोनी बनाया गया है। वहीं लोनी के एसीपी सूर्यबली को साइड लाइन कर दिया गया है। एसीपी वेव सिटी लिपि लगायच को एसीपी मसूरी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं लंबे समय से प्रतीक्षारत चल रहीं एसीपी अपराध श्वेता यादव को एसीपी साहिबाबाद बनाया गया है। यह बड़ी और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मानी जा रही है। इसके साथ ही मुख्य सुरक्षा अधिकारी हिंडन एयरपोर्ट उपासना पांडे को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एसीपी के तौर पर पहला फुल फ्लैश चार्ज वेव सिटी एसीपी के रूप में दिया गया है।

### एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव को मिली है महत्वपूर्ण जिम्मेदारी



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि एसीपी क्राइम से एसीपी साहिबाबाद पर प्रमोट हुई श्वेता यादव को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। श्वेता यादव सीनियर एसीपी स्तर की अधिकारी हैं। वह पूर्व में बरेली में बेहतर चार्ज चला चुकी हैं। उनकी वर्किंग स्टाइल से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारी प्रभावित थे। साथ ही महाशिवरात्रि पर दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पर बेहतरीन ड्यूटी भी दी थी। बताया जा रहा है उसका ही इनाम उनको पोस्टिंग के रूप में मिला है।

## पूरी हो गई पुलिस की फिजिकल भर्ती वाली परीक्षा

### अंतिम दिन 18 रहे अनुपस्थित और 156 असफल





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चल रही पुलिस भर्ती की परीक्षा की फिजिकल प्रणाली गुरुवार को समाप्त हो गई है। गुरुवार 27 फरवरी को 15वें और अंतिम दिन कुल 317 आवंटित अभ्यर्थियों का टेस्ट होना था। जिसमें 299 उपस्थित हुए और 18 अनुपस्थित रहे। इसमें से 153 सफल और 156 असफल रहे हैं। डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने बताया है कि इनकी लिस्ट अब पुलिस मुख्यालय को भेजी जाएगी। जिसके बाद पास होने वाले अभ्यर्थियों की दूसरी ट्रेनिंग शुरू होगी।

### प्रशासनिक अधिकारियों की भी लगी थी ड्यूटी



करंट क्राइम : बीते 15 दिनों से चल रही पुलिस की भर्ती के दौरान प्रशासनिक स्तर से भी अधिकारियों की ड्यूटी लगी थी। यहां एसडीएम निखिल चक्रवर्ती के साथ ही कई और विभाग के अधिकारी ड्यूटी में तैनात रहे। यह परीक्षा प्रतिदिन सुबह से लेकर दोपहर तक चलती थी। जिसमें सैकड़ों महिला व पुरुष अभ्यर्थी परीक्षा देते थे।

### सार्वजनिक सूचना

एतद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विजय सिंह तेवतिया ने स्वयं को गाजियाबाद पिकलबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन, के एच-717, उद्योग कुंज, महरौली, गाजियाबाद का अध्यक्ष बताते हुए सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के अन्तर्गत पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व आलेख प्रस्तुत किये हैं। आलेखों के अनुसार सर्वश्री सत्यम अग्रवाल उपाध्यक्ष, विवेक खान सचिव, शेखर त्यागी उपसचिव, सूर्यांश शर्मा कोषाध्यक्ष, कुनाल त्यागी उपकोषाध्यक्ष, प्रदीप तोमर तकनीकि सलाहकार, अजय सिंह एवं सचिन प्रताप सिंह सदस्य दर्शाये गये हैं।

यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत समिति के पंजीकरण के विरूद्ध आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने की तिथि से 15 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण दोष के आधार पर समिति के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

आज्ञा से
डिप्टी रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स, गाजियाबाद





# क्या होली के बाद चढ़ेगा भाजपा में महानगर अध्यक्ष पद का रंग

## 40 नाम हो गए बोल्ड, क्या घोषणा हो गई होल्ड

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अध्यक्ष पद के लिये भाजपा में इंतजार की इंतहा हो गई। रोज एक नई डेट और रोज घोषणा लेट। धीरे-धीरे सोशल मीडिया से ये जिक्र खत्म हुआ और फिर कार्यकताओं ने भी अध्यक्ष पद के नामों की फिक्र करनी छोड़ दी। सीन जनवरी में शुरू हुआ, फरवरी निकलने को है और मार्च आ रहा है। सूत्र बताते हैं कि जिस लिस्ट को फाइनल समझा जा रहा था और जो नाम लिफाफे में बंद हो गया था अब होली के बाद उस नाम पर फिर से रंग चढ़ने वाला है। दरअसल बताया ये जा रहा है कि लखनऊ से जो नाम चले थे उनपर दिल्ली में ग्रहण लग गया है। उत्तर प्रदेश के महानगर और जिला अध्यक्षों की लिस्ट में 40 नाम ऐसे हैं जिनके नाम के आगे एन.ओ.- नो लग गया है। चर्चा यही है कि इस पूरे सीन में कई किरदार निशाने पर आ गए हैं और पार्टी अब नए शिरे से नए अध्यक्षों के नामों पर विचार करेगी। सूत्र बताते हैं कि नए शिरे से लिस्ट तैयार हो रही है। इस लिस्ट में महिला, ओबीसी और एससी के नाम पर ज्यादा विचार होगा। बताया जाता है कि संगठन वालों का निर्देश आ गया है और उसी के अनुसार सूची दोबारा तैयार होगी। आदेश यही है कि महिला, ओबीसी और अनुसूचित वर्ग को मुख्य धारा में लाना है। इन नामों के किरदार सेट हो रहे हैं। दैनिक करंट क्राइम ने पहले भी इस बात के संकेत दिये थे और बताया था कि ओबीसी नाम पर फोकस रहेगा। इसलिए गर्ग खेमे से कुशवाहा का नाम गया था। दैनिक करंट क्राइम पूर्व में प्रकाशित कर चुका है कि दिल्ली में लिफाफा खुला है और इस लिफाफे में एक दलित नाम एड हुआ है। अब सूत्र बताते हैं कि सूची दोबारा से रिसफल हो रही है और इसके इफेक्ट गाजियाबाद तक दिखाई देंगे।

### अगर महिला पर हुआ विचार तो ये नाम हो सकते हैं अध्यक्ष के किरदार

**करंट क्राइम।** एक बार फिर से महिला राजनीति फोकस में आ गई है। अध्यक्ष सीट पर नारी शक्ति पर विचार हो रहा है। ऐसे में भाजपा के वो कौन से चेहरे हैं जिन्हें अध्यक्ष वाले फ्रेम में रखा जा सकता है। यहां **महानगर उपाध्यक्ष रनिता सिंह** का नाम प्रबल माना जाता है। वो भाजपा का ठाकुर चेहरा हैं, पूर्वांचल समाज से आती हैं, उच्च शिक्षित हैं और भाजपा की कर्मठ और सक्रिय कार्यकर्ता हैं। पार्टी के सभी आयामों में उनकी मौजूदगी रहती है। शानदार वक्ता हैं। संगठन का अनुभव है, मौजूदा समय में मुख्य कमेटी में महानगर उपाध्यक्ष हैं। ऐसे में भाजपा महिला राजनीति का ये चेहरा एकसाथ कई समीकरण अपने आप में लिये हुए है। भाजपा की महिला शक्ति की बात करें तो यहां महानगर महिला मोर्चा अध्यक्ष उदिता त्यागी का नाम भी चल रहा है। उदिता त्यागी क्षेत्रीय टीम में रही हैं। लगातार एक्टिव भी रहती हैं। इन दिनों वो हिंदुत्व के लिये समर्पित हैं। समीकरण की बात ये है कि वो त्यागी फैक्टर से आती हैं और फिलहाल महानगर महिला मोर्चा की संयोजिका है। महानगर की कमान की बात की जाए तो यहां भाजपा महिला मोर्चा की निवर्तमान महानगर अध्यक्ष पूनम कौशिक के नाम को इग्नोर नहीं किया जा सकता है। वो भाजपा की पुरानी कर्मठ कार्यकर्ता हैं, अनुभवी हैं और महिला मोर्चा की कमान संभाली है। नारी शक्ति की बात करें तो यहां महिला मोर्चा की क्षेत्रीय टीम से मोनिका पंडिता भी आती हैं। मोनिका पंडिता क्षेत्रीय उपाध्यक्ष हैं, वो शहर मंडल की प्रभारी हैं, उच्च शिक्षित हैं और महानगर अध्यक्ष पद की दावेदारी में ये नाम भी चल रहा है। पुराने कार्यकताओं की बात करें तो यहां पूर्व पार्षद मीना भंडारी का भी नाम है। वो उत्तरांचल समाज से हैं और इंदिरापुरम क्षेत्र से पार्षद रह चुकी हैं, भाजपा की पुरानी कार्यकर्ता हैं। महिला शक्ति की बात है तो ये नाम भी विचारणीय हो सकता है। बात अगर पुराने कर्मठ और समर्पित कार्यकर्ता की बात चलेगी तो पूर्व महानगर मंत्री नीरू शर्मा की का नाम आता है। उन्होंने भाजपा के लिये उस समय मेहनत की है जब ये संघर्ष का समय था। भाजपा के निष्ठावान कार्यकताओं में गिनती होती है और महानगर अध्यक्ष की बात चली है तो नारी शक्ति में नदिया पार का ये नाम प्रमुखता से आता है। वैश्य फैक्टर की बात करें और महिला शक्ति की बात करें तो यहां प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा रुचि गर्ग का नाम भी आता है। रूचि गर्ग भाजपा की सक्रिय कार्यकर्ता हैं। वो प्रदेश मंत्री रही हैं, भाजपा की प्रबुद्ध लोगों की टीम में उनका नाम आता है। वो महानगर अध्यक्ष पद की दावेदार हो सकती हैं। महिला शक्ति में प्रीति चंद्रा राय के नाम की भी चर्चा है। प्रीति चंद्रा राय भाजपा के कार्यक्रमों में एक्टिव रही हैं। वो महानगर अध्यक्ष पद की दावेदारी का नाम हो सकता है।

# नूर नगर में तहसील शिफ्ट करने को लेकर विरोध शुरू



करंट क्राइम : नूर नगर में डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय शिफ्ट करने के विरोध में करंट क्राइम पहुंचकर तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष लोमेश भाटी, सचिव संजय यादव एवं अधिवक्ता मनोज भाटी ने ज्ञापन दिया।

### तहसील बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने मुख्यमंत्री और विधायक को लिखा पत्र

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** तहसील बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और शहर विधायक संजीव शर्मा को पत्र लिखा है। जिसमें गाजियाबाद जनपद स्थित सदर तहसील में कार्य एवं नवनिर्मित एवं कार्यालय उपनिबंधक को वर्तमान स्थान से राजस्व ग्राम नूरपुर परगना लोनी तहसील जिला गाजियाबाद की खसरा नंबर 396 में एवं पारिवारिक रूप से स्थानांतरित करने को लेकर जन समस्या के विषय पर ध्यान आकर्षित करने की मांग की गई है। इसके साथ ही तहसील बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष लोमेश कुमार भाटी और सचिव संजय कुमार यादव का कहना है कि वर्तमान में कार्यालय उपनिबंधक गाजियाबाद मुख्य शहर के मध्य स्थित है। यह सुरक्षा की दृष्टि से भी पूर्णतया सुरक्षित है, जहां आज तक कोई दुर्घटना नहीं हुई है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि अगर यह कार्यालय नूर नगर जाता है, तो वह शहर और तहसील से काफी दूर हो जाएगा। सभी को लंबा समय लगेगा और आने-जाने में समय भी लगेगा। इसके साथ ही यह मुख्यालय और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यालय से भी काफी दूर हो जाएगा। इसके साथ यह है की रजिस्ट्री होने के उपरांत दाखिल खारिज करने हेतु भी तहसील के ही क्षेत्रीय लेखपाल, कानूनको और तहसीलदारों की आज्ञा की आवश्यकता होती है। अतः तहसील और सभी स्टाफ कार्यालय एक साथ होना बेहद आवश्यक बताया गया है।

### तहसील बार एसोसिएशन जता रही है विरोध

करंट क्राइम : तहसील बार गाजियाबाद के पदाधिकारी विधायक और मुख्यमंत्री को पत्र लिख चुके हैं। जिसमें उन्होंने यह भी कहा है कि वर्तमान में कार्यालय गाजियाबाद वर्तमान स्थल से लगभग 10 किलोमीटर दूर है। नूर नगर आने-जाने में लंबा समय लगेगा और साथ ही अन्य प्रकार की परेशानी भी होगी। लिहाजा इसको ध्यान में रखते हुए अग्रिम फैसले लिए जाएं।

## विधायक अजीत पाल त्यागी की बार सदस्यता की गई बहाल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने गुरुवार को कार्यकारिणी की एक बैठक करते हुए मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी एडवोकेट और सांसद नगीना चंद्रशेखर आजाद को अधिवक्ताओं की मांग उठने हाई कोर्ट बेंच की स्थापना और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर अधिवक्ताओं की आवाज बुलंद करने और उनके हितों का भविष्य में ध्यान रखने के लिए धन्यवाद दिया है। साथ ही गाजियाबाद बार एसोसिएशन ने प्रस्ताव लाकर सर्व सहमति से पारित किया है कि पूर्व में विधायक मुरादनगर अजीत पाल त्यागी की गाजियाबाद बार एसोसिएशन से जो सदस्यता रद्द की गई थी, उसे बीते दिनों विधायक अजीत पाल त्यागी द्वारा विधानसभा में हाई कोर्ट बेंच की पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मांग के विषय को प्रमुखता से उठने के कारण बहाल कर दिया गया है।

# एक मार्च को उड्डयन मंत्री दिखाएंगे हरी झंडी और गोवा के लिए उड़ेगा जहाज

## फ्लाइट में होंगे 60 भाजपा चेहरे सांसद अतुल गर्ग के साथ




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने सांसद बनने के बाद सबसे पहले हिंडन एयरपोर्ट का मामला उठाया। उन्होंने ये बताया कि पांच साल में कितना नुकसान हुआ है। इसके बाद उन्होंने यहां से फ्लाइट के लिये भागदौड़ की और अपनी लोकसभा में गोवा वाले टूर की सफलता उन्हें मिल गई है। एक मार्च को जब केंद्रीय उड्डयन मंत्री हिंडन एयरपोर्ट से हरी झंडी दिखाएंगे तो इसी के साथ गाजियाबाद से गोवा की उड़ान शुरू हो जाएगी। इस उड़ान में अब केवल एक दिन का फसला है। शनिवार को ये उड़ान हिंडन डोमेस्टिक एयरपोर्ट से शुरू होगी। सुबह 9 बजे केंद्रीय उड्डयन मंत्री आएंगे उनका स्वागत होगा उसके संबोधन होगा और फिर जब वो हरी झंडी दिखाएंगे तो गोवा के लिये फ्लाइट शुरू होगी। सांसद अतुल गर्ग के साथ इस फ्लाइट में 70 लोग होंगे।

### भगवा कमांडर, पप्पू पहलवान, समरकूल चेयरमैन और क्रांतिकारी विधायक सहित 70 लोग पहुंचेंगे गोवा

जिस फ्लाइट में अतुल गर्ग अपने 70 साथियों के साथ हिंडन एयरपोर्ट से गोवा के लिये उड़ान भरेंगे। यह फ्लाइट भाजपा स्पेशल है। इस फ्लाइट में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के साथ समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता रहेंगे। लोनी के क्रांतिकारी विधायक नंदकिशोर गुर्जर रहेंगे। शहर विधायक संजीव शर्मा रहेंगे। इस फ्लाइट में मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी रहेंगे। इस फ्लाइट में भगवा कमांडर के प्रिय दोस्त पप्पू पहलवान भी रहेंगे। वहीं गाजियाबाद से गोवा की इस फ्लाइट में पिलखुवा चेयरमैन विभू बंसल भी रहेंगे। सांसद जी फ्लाइट में हैं तो सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल मेदी वाले भी गोवा जा रहे हैं। उनके साथ एयरपोर्ट सलाहकार समिति के सदस्य संजीव मित्तल साजू भी रहेंगे। इस फ्लाइट में राजेंद्र मित्तल मेदी के भाई देवेंद्र मित्तल भी गोवा जा रहे हैं। यहां इन्हें कंपनी देने के लिये भजनलाल डेंग्ला भी रहेंगे। इसके अलावा रामअवतार जिंदल, बबली कसाना, यशवर्धन गुप्ता, निशांत शिशौदिया, मनीष माहेश्वरी, नवीन गर्ग, दीपक कुमार शर्मा, अनुज मित्तल, आदेश मित्तल, अंकित गर्ग, हर्ष सिंघल, विपिन गोयल, विशाल, प्रतीक मित्तल, गौरव प्रताप, राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल के प्रतिनिधि रहे गुलशन भांभरी, सतीश गुप्ता, नवीन तोमर, राजकुमार सिंह, राजेश कुमार, अनिल कुमार गोयल, संजय गोयल, कविता अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, रोहित गोयल, विशाल शर्मा, अंशुल मित्तल, हरीष अरोड़ा, नीरज मित्तल, विनय अग्रवाल, अमित सिंघल, अंकित जिंदल, अश्वनी अग्रवाल, तरुण बंसल, चेतन शर्मा, सचिन कुमार, संजीव गर्ग, उदित मोहन, उपेंद्र कुमार, देवेंद्र बंसल, धर्मेंद्र भाटी, पवन कुमार, दीप्ति गुप्ता, सुरेंद्र पाल, उमेश राणा, मनोज कुमार वर्मा, महिम गुप्ता, अमन वशिष्ठ, मनीष दीक्षित, हर्ष सिंघल, दक्ष भारद्वाज, दीपक कुमार, अनिल गर्ग, करण त्यागी, बालेश जैन, सुमित जैन, यनित गुर्जर, अंकित, आशीष वर्मा शामिल हैं।

### सुबह सात बजे तब पहुंचेंगे एयरपोर्ट

टूर से पहले सभी यात्रियों को बता दिया है कि चूंकि ये यात्रा उद्घाटन के साथ शुरू होगी लिहाजा अन्य औपचारिकताओं को पूरा करने के लिये समय से दो घंटे पहले पहुंचना जरूरी है। जो फ्लाइट 9 बजे जानी है उसके लिये सुबह सात बजे तक सभी यात्रियों को एयरपोर्ट पहुंचना है।

### गोवा में होगी समरकूल हीटर जैसी गर्मी और समरकूल कूलर जैसी ठंडी हवा

समरकूल चेयरमैन इस गोवा टूर में सांसद अतुल गर्ग के साथ हैं। यहां जो दिशा निर्देश दिये गये हैं इनमें समरकूल का जिक्र किया गया है। बताया गया है कि गोवा में इस वक्त दोपहर में समरकूल हीटर जैसी गर्मी है और शाम को समरकूल के कूलर जैसी ठंडी हवा है। लिहाजा सभी को सुझाव दिया गया है कि वो दिन के लिये चश्मे, कैप, शॉर्ट्स और टीशर्ट रख सकते हैं।

### निजता का पूरा ध्यान, इसलिए मोबाइल लॉकर में रख दें श्रीमान

गोवा टूर में सभी सियासी लोग जा रहे हैं। इसमें जनप्रतिनिधि भी शामिल हैं और कार्यकर्ता भी शामिल हैं और संगठन के पदाधिकारी भी शामिल हैं, लेकिन कहा गया है कि ये टूर पारिवारिक टूर की तरह रहेगा। लिहाजा निजता का विशेष ध्यान रखना है और निजता की विशेष बात क्लब से जुड़ी है। निदेशों की विशेष बात में कहा गया है कि क्लब में अंदर जाने से पहले बाहर सबके मोबाइल लॉकर में रखवा दिये जाएंगे। किसी का भी मोबाइल अंदर जाना संभव नहीं है और ये आपकी सिक्योरिटी के लिये ही है। ब्रेकिट में बताया गया है कि आप लोग समझ सकते हैं सब। अब क्लब की बात है, मोबाइल पर प्रतिबंध है तो सब समझ सकते हैं कि कोई भी किसी वीडियो नहीं बनाएगा।

### जब क्लब में होगा गाला डिनर तो नहीं पहनकार आए शॉर्ट्स और चप्पल

निदेशों में चप्पल और शॉर्ट्स का भी प्रतिबंध लग गया है। बताया गया है कि पहले दिन सब एक छोटे से क्लब में गाला डिनर के लिये जाएंगे। वहां फॉर्मल ड्रेस में ही आना है। शॉर्टस और चप्पल में आना वहां संभव नहीं होगा।

# सबसे पुरानी रामलीला कमेटी के लिए आज होगा मतदान

## सांसद से लेकर मेयर तक चला चुनाव प्रचार और आज घोषित होगी टीम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर की सबसे पुरानी रामलीला कमेटी के चुनाव का आज दिन है। आज शहर के प्रतिष्ठित मतदाता इस कमेटी के सदस्य अध्यक्ष सहित सात पदों के लिये मतदान करेंगे। एक तरफ सुभाष गुप्ता लोहे वालों का पैनल है और दूसरी तरफ अजय बंसल सैनेटरी वालों का पैनल है। गुरुवार को दिन भर प्रचार चला। इससे पहले शहर के प्रमुख बाजारों में उम्मीदवारों ने वोट मांगे थे और गुरुवार को सुभाष गुप्ता लोहे वालों के पैनल ने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से समर्थन मांगा तो वो मेयर सुनीता दयाल के घर गए। वहीं दूसरी तरफ अजय बंसल और उनके पैनल के उम्मीदवारों ने मीटिंग की, वोट मांगे और अपनी प्रतिबद्धताओं को दोहराया।



### सांसद के भाई और मेयर के पति हैं रामलीला कमेटी के मतदाता

ये शहर की सबसे पुरानी रामलीला है। ये अपने आप में 125वर्ष की परंपरा को समेटे हुए हैं। इस रामलीला का सदस्य होना ही आपके पुराने शहरी होने की निशानी मानी जाती है। इस रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पूर्व सांसद स्व. सुरेंद्र प्रकाश गोयल रहे हैं। इस रामलीला कमेटी के सदस्य मतदाताओं में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के चचेरे भाई राम गर्ग भी मतदाता हैं। वहीं मेयर सुनीता दयाल के पति मधुसूदन दयाल भी रामलीला समिति के सदस्य हैं। रामलीला कमेटी के मतदाता हैं। गुरुवार की सुबह चुनाव पैनल में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार सुभाष गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव मित्तल साजू, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार अनिल चौधरी, महामंत्री पद के उम्मीदवार नरेश अग्रवाल, मंत्री पद के उम्मीदवार दिनेश शर्मा बब्बे, कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवार सुधीर गोयल मोनू, लेखा परीक्षक पद के उम्मीदवार रविंद्र मित्तल पहुंचे। सभी ने सांसद और मेयर का स्वागत किया तथा समर्थन की अपील की। इस दौरान निवर्तमान अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार वीरो, ज्ञान प्रकाश गोयल, टैक्स एडवोकेट विनय सिंघल, मोहित मित्तल, तरनजीत सिंह राजू और विपिन गर्ग मुख्य रूप से मौजूद थे।

### राजनगर से लेकर नेहरुनगर तक हुआ अर्ली मॉर्निंग प्रचार

रामलीला कमेटी का आज चुनाव होना है और गुरुवार की सुबह राजनगर से लेकर कविनगर-नेहरुनगर तक प्रचार हुआ। अजय बंसल पैनल ने राजनगर क्षेत्र में रहने वाले कमेटी के सदस्य मतदाताओं से संपर्क किया और अपने पक्ष में वोट मांगे। वहीं सुभाष गुप्ता लोहे वालों के पैनल से लड़ रहे उम्मीदवारों ने कविनगर-नेहरुनगर में प्रचार किया और अपने तथा अपने उम्मीदवारों के लिये वोट मांगे। शाम के समय अनाज मंडी में महामंत्री पद के उम्मीदवार नरेश गर्ग के प्रतिष्ठान पर सदस्यों की मौजूदगी देखी गई। चुनावी रणनीति बनी। वहीं लेखा परीक्षक पद के लिये चुनाव मैदान में उतरे सुमित गर्ग के कार्यालय पर एक बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में अजय बंसल, विनय सिंघल, प्रदीप मित्तल, सुमित गर्ग सहित सभी उम्मीदवार मौजूद थे।

### अध्यक्ष ऐसा चुने जो सहज उपलब्ध हो: विनय सिंघल



रामलीला कमेटी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिये चुनाव मैदान में उतरे विनय सिंघल ने कहा कि हम रामलीला के सिस्टम को पारदर्शी बनाने के लिये और इसे धनकुबेरों के चंगुल से मुक्त कराने के लिये लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरा सभी सदस्यों से ये निवेदन है कि वो अध्यक्ष पद के लिये उस पैनल को चुने जहां अध्यक्ष सहज रूप से उपलब्ध हो। जो चुनाव प्रचार में अपने साथियों के साथ नहीं दिखाई दिये वो भला पूरे साल सदस्यों के लिये कैसे उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि हमें रामलीला को सदस्यों के लिये भी पारदर्शी बनाना है। सदस्यों के हस्ताक्षर की कीमत इतनी होगी कि अगर कोई सदस्य किसी के लिये संस्तुति करता है तो फिर वह भवन निशुल्क या आधे दामों पर तत्काल प्रभाव से होगा। रामलीला कमेटी के एक-एक पैसे का हिसाब होगा और हमारे पैनल से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी लोग सभी सदस्यों के लिये हमेशा उपलब्ध रहेंगे। हमारा उद्देश्य ही यही है कि रामलीला कमेटी का मान सम्मान और इसकी परंपरा को जीवित रखा जाए।





### मोबाइल पर रहेगी रोक और मतपत्र मिलाने के बाद शुरू होगी मतगणना

आज सुल्लामल रामलीला कमेटी का चुनाव है। मतदाता सूची में शामिल लोग ही यहां मतदान कर पाएंगे। मतदान से पहले सभी को मतपत्रों की गिनती करवा ली जाएगी और मतदान के बाद जितने मतपत्र शेष रह जाएंगे उनका मिलान कराने के बाद मतगणना शुरू होगी। सभी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी होगी। किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति पैदा ना हो इसके लिये उचित पुलिस प्रबंध का इंतजाम होगा। मोबाइल फोन का उपयोग और इस्तेमाल वोटिंग सेंटर और चुनाव प्रक्रिया स्थल पर वर्जित रहेगा। वेटिंग के लिये पहचान पत्र दिखाना अनिवार्य है। किसी भी सरकारी पहचान पत्र को मान्यता है। जिनमें आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस शामिल हैं। दोनों ही पैनल से दो-दो पोलिंग एजेंट अथवा प्रतिनिधि नियुक्त किये जाएंगे। जिनका कार्य वोटर की पहचान करना और ये सुनिश्चित करना है कि जो व्यक्ति वोट डालने आया है वह रामलीला कमेटी का सदस्य है और उसका नाम वोटर लिस्ट में है।

## संपादकीय

# जीवन में हो संतुलन

काम के दिन और घंटों से जुड़ा विवाद एक बार फिर तेज हो गया है। इनफोसिस के कोफाउंडर एन आर नारायणमूर्ति ने कुछ समय पहले देश के नौजवानों को यह सलाह दी थी कि उन्हें सप्ताह में 70 घंटे काम करना चाहिए। अब एल एंड टी के चेयरमैन एस.एन सुब्रमण्यम ने इस बात पर अपनी बेबसी जाहिर की है कि वह अपने कर्मचारियों से सप्ताह में 90 घंटे काम नहीं करवा पा रहे हैं। उनके मुताबिक कर्मचारियों को रविवार के दिन भी काम में जुटे रहना चाहिए। देखा जाए तो बिजनेस हेडों और कंपनियों के सीईओ जैसे पदों पर काम कर रहे लोगों में यह सोच पहले से रही है कि कर्मचारियों को अधिक से अधिक काम करने के लिए प्रेरित किया जाए। व्यक्तिगत स्तर पर इस तरह के प्रयासों में कोई बुराई नहीं है, जब तक कि संबंधित कर्मचारियों के सामने इसे स्वीकार करने या न करने की स्वतंत्रता बनी रहती है। दिक्कत तब खड़ी होती है जब वे अपनी इस सोच को पॉलिसी के रूप में दूसरों पर लादने का प्रयास करते हैं या इसे राष्ट्र निर्माण जैसे मकसद की आड़ देते हैं।

ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या सचमुच किसी देश की या किसी कंपनी की भी उन्नति इस बात पर निर्भर करती है कि वहां लोग कितनी देर तक काम करते हैं। क्या काम की मात्रा ही सबकुछ है या काम की क्वॉलिटी पर भी ध्यान देने की जरूरत होती है? और जब बात क्वॉलिटी की हो तो क्या यह संभव है कि जिन कर्मचारियों के जीवन में क्वॉलिटी न हो, उनके काम में क्वॉलिटी बनी रहे?

जीवन में क्वॉलिटी बनाए रखने के लिए ही वर्क-लाइफ बैलेंस को जरूरी माना गया है। यही वजह है कि हर्ष गोयनका जैसे बिजनेस लीडर्स भी इसकी अहमियत को रेखांकित कर रहे हैं और यही वजह है कि दीपिका पादुकोण जैसी सिलेब्रिटीज भी इस बहस के संदर्भ में मेंटल हेल्थ का मुद्दा उठा रही हैं। बात-बात में राष्ट्र का सवाल उठाने वाले बिजनेस बॉसों को समझना चाहिए कि राष्ट्र के विकास के लिए सिर झुकाकर खटते रहने वाले युवाओं से ज्यादा अहमियत स्वतंत्र चेतना वाले युवाओं की है। ऐसे युवाओं की जो वर्कप्लेस पर एम्प्लॉयी के रूप में अपना बेस्ट देने के बाद मनुष्य के रूप में अपने विकास पर ध्यान देते हों और परिवार, आस पड़ोस तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का भी अच्छे से निर्वाह करते हों।

# दुबई के फर्म से 1.5 अरब डॉलर की क्रिप्टो चोरी

## एफबीआई का उत्तर कोरिया समर्थित हैकरों पर आरोप

**नई दिल्ली।** एफबीआई ने उत्तर कोरिया से जुड़े हैकरों पर सार्वजनिक रूप से ज्ञात सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी चोरी में से एक को अंजाम देने का आरोप लगाया है। इस मामले में दुबई स्थित एक फर्म से लगभग 1.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य की इथेरियम की चोरी की गई है। इस महीने की शुरूआत में दुनिया के सबसे बड़े क्रिप्टो एक्सचेंजों में से एक, बायबिट को निशाना बनाकर की गई चोरी, हैकरों की एक और टीम की संलिप्तता है, जिसकी अमेरिकी सरकार ने ट्रेडरट्रेटर और लाजरस ग्रुप के नाम से पहचान की है।



### एफबीआई ने प्योंगयांग को चोरी से जोड़ते हुए जारी की चेतावनी

एफबीआई ने कहा है कि हैकर्स क्रिप्टोकरेंसी की चोरी क्रिप्टोकरेंसी ट्रेडिंग एप्लिकेशन के प्रसार के माध्यम से करते हैं, जिन्हें मैलवेयर को शामिल करने के लिए संशोधित किया गया था जो क्रिप्टोकरेंसी की चोरी को आसान बनाता है। एफबीआई ने प्योंगयांग को चोरी से जोड़ते हुए चेतावनी जारी की। बुधवार देर रात एक ऑनलाइन सार्वजनिक सेवा घोषणा में, एफबीआई ने कहा कि उनका मानना है कि उत्तर कोरिया समर्थित हैकर्स चोरी के लिए जिम्मेदार हैं।

एफबीआई ने अपनी घोषणा में कहा, ट्रेडरट्रेटर अभिनेता तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और उन्होंने चुराई गई कुछ संपत्तियों को बिटकॉइन और अन्य आभासी संपत्तियों में बदल दिया है, जो कई ब्लॉकचेन पर हजारों पतों पर फैली हुई हैं। उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया ने न तो चोरी की बात स्वीकार की है और न ही एफबीआई के आरोप को। जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र में प्योंगयांग के मिशन ने एसोसिएटेड प्रेस की टिप्पणी के अनुरोध पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। उत्तर कोरिया की ओर से की गई चोरी से कथित तौर पर परमाणु हथियार कार्यक्रम को वित्तपोषित किया जाता है। हालांकि, दक्षिण कोरिया की जासूसी एजेंसी के अनुसार, उत्तर कोरिया ने पिछले पांच वर्षों में क्रिप्टोकरेंसी और अन्य आभासी संपत्तियों में अनुमानित 1.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर की चोरी की है।

### 58 संदिग्ध साइबर हमलों हो रही जांच

संयुक्त राष्ट्र के एक विशेषज्ञ पैनल ने अलग से कहा कि वह 2017 से 2023 के बीच उत्तर कोरिया द्वारा किए गए 58 संदिग्ध साइबर हमलों की जांच कर रहा है, जिसमें लगभग 3 बिलियन डॉलर की चोरी की गई थी, जिसका उपयोग कथित तौर पर देश के सामूहिक विनाश के हथियारों के विकास को वित्तपोषित करने में मदद करने के लिए किया गया था। बायबिट के सह-संस्थापक और सीईओ, बेन झोउ ने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में एफबीआई की घोषणा को स्वीकार किया, जिसमें एक वेबसाइट का लिंक दिया गया था, जिसमें चोरी की गई क्रिप्टो को ट्रैक करने और अन्य एक्सचेंजों द्वारा इसे फ्रीज करने के लिए 140 मिलियन डॉलर का इनाम देने की पेशकश की गई थी। बायबिट ने कहा है कि सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी में से एक, इथेरियम का एक तथाकथित कोल्ड या ऑफलाइन वॉलेट से नियमित हस्तांतरण एक हमलावर द्वारा हेरफेर किया गया था, जिसने क्रिप्टो को अज्ञात पते पर स्थानांतरित कर दिया था।

### ब्लॉकचेन लेनदेन के इतिहास में यह 'सबसे बड़ी सेंध'

जूलियस बेयर के विश्लेषक मैनुअल विलेगास ने लिखा, यह एक अत्यधिक परिष्कृत हैक था, जिसने ब्लाइंड साइनिंग माध्यम से कोल्ड वॉलेट्स को लक्षित किया, जिसके तहत हमलावर एक नकली इंटरफेस बनाते हैं जो उपयोगकर्ताओं को धोखा देता है, क्योंकि यह विश्वसनीय प्लेटफॉर्म की लगभग समान प्रतिलिपि है। ब्लॉकचेन एनालिटिक्स फर्म सर्टिक ने इस चोरी को ब्लॉकचेन लेनदेन के इतिहास में सबसे बड़ी सेंध बताया है।

## जब 100 वर्षीय बुजुर्ग को दी डॉक्टरों ने नई जिंदगी

### डॉ राहुल शर्मा और उनकी टीम को मिली सफलता





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** एक सर्वेक्षण के अनुसार 2026 तक, भारत में हिप फ्रैक्चर की संख्या में वृद्धि होगी और मुख्य रूप से वृद्ध लोगों में प्रति वर्ष लगभग 600,000 ऑस्टियोपोरोटिक हिप फ्रैक्चर होंगे। एक मेडिकल अनुसंधान में पाया गया है कि हिप बोन फ्रैक्चर 15% से 36% मृत्यु दर का कारण बनते हैं। जर्नल ऑफ क्लिनिकल ऑथोर्पेडिक्स एंड ट्रॉमा में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चला है कि भारत में हर दो साल में हिप फ्रैक्चर के रोगियों का मृत्यु दर लगभग 11.2% है। ये एक आम बात है कि भारत में मूल रूप से वृद्ध लोगों को समय पर हिप फ्रैक्चर के कारण सीमित ऑथोर्पेडिक और पुनर्वास सुविधाओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए, भारत में हिप फ्रैक्चर के रोगियों के सटीक, प्रभावी उपचार व पुनर्वास के लिए कार्यकुशल और बहुगुणी प्रबंधन की आवश्यकता है। वरिष्ठ ऑथोर्पेडिक सर्जन डॉ. राहुल शर्मा के अनुसार, 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए हिप फ्रैक्चर एक खतरनाक और जटिल समस्या है।

डॉ. राहुल शर्मा के अनुसार, वृद्ध लोगों में विशेष रूप से 100 वर्ष की आयु के करीब के लोगों में, गिरने और फ्रैक्चर का जोखिम और भी अधिक होता है। ऐसे लोग गिरने और फ्रैक्चर के लिहाज से अधिक संवेदनशील होते हैं। अधिक उम्र के कारण उनमें गतिशीलता, संतुलन और ताकत भी कम होती है। इसके अलावा ऑस्टियोपोरोसिस, दृष्टि या सुनने की शक्ति में कमी, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग भी गिरने, फ्रैक्चर और चोटों का प्रमुख कारण बनते हैं। हिप रिप्लेसमेंट आमतौर पर सुरक्षित सर्जरी होती है जिसमें आमतौर पर एक से दो घंटे लगते हैं।

ज्यादातर लोग हिप रिप्लेसमेंट के बाद फिर से अपनी गति और चाल-ढाल के साथ साथ दर्द और जकड़न में कमी का अनुभव करते हैं। इसका एक जीता जागता उदाहरण एस सी कपूर एक 100 वर्षीय व्यक्ति हैं, जिन्हें अपने घर में गिरने के बाद हिप जॉइंट में बड़े फ्रैक्चर के कारण मेडिकल इमरजेंसी और तीव्र असहनीय दर्द का सामना करना पड़ा। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां वरिष्ठ आथोर्पेडिक सर्जन और जॉइंट रिप्लेसमेंट एक्सपर्ट डॉ. राहुल शर्मा ने उन्हें तत्काल और वैकल्पिक हिप बोन रिप्लेसमेंट सर्जरी की सलाह दी, जो उनके फ्रैक्चर के प्रकार और संबंधित बीमारियों के उपचार का एकमात्र समाधान था। देखा जाए तो यह एक आसान निर्णय नहीं था। सर्जरी के दौरान आथोर्पेडिक सर्जन, एनेस्थेटिस्ट, फिजिशियन, कार्डियोलॉजिस्ट और इंटेंसिव केयर स्पेशलिस्ट्स की हर गुण सम्पण टीम की जरूरत थी जो रोगी की उम्र और को देखते हुए हर अनिश्चित और प्रतिकूल परिस्थिती में रोगी की देखभाल के लिए उचित निर्णय लेकर उनके प्राण बचा सके।

# देश में व्यापार और निवेश बढ़ाने के लिए द्विपक्षीय संबंध अहम: वित्त मंत्री



**नई दिल्ली।** भारत को व्यापार व निवेश के लिए अपने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने की जरूरत है, क्योंकि दुनिया में उथल-पुथल मची हुई है और द्विपक्षीय रिश्ते ही एकमात्र सबसे फायदेमंद जरिया प्रतीत होते हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को यह बात कही। वित्त मंत्री ने यहां ह्यबीएस मंथनह्ल में कहा कि यह बहुत ही दिलचस्प लेकिन चुनौतीपूर्ण समय है और सरकार देश को आगे बढ़ाने और वैश्विक वृद्धि का इंजन बनाने के लिए सभी प्रयास कर रही है। बहुपक्षवाद की तुलना में अब द्विपक्षीय संबंध ही अधिक महत्वपूर्ण वित्त मंत्री ने कहा, द्विपक्षीय संबंध अब एजेंडा में शीर्ष पर है... हमें कई देशों के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाना है, न केवल व्यापार के लिए, न केवल निवेश के लिए, बल्कि रणनीतिक संबंधों के लिए भी। इसलिए बहुपक्षवाद... कुछ हद तक, मैं अब भी इसे कुछ हद तक कह रही हूं... लेकिन द्विपक्षीय संबंध ही एकमात्र फायदेमंद हैं जिसका आप इस्तेमाल कर सकते हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि बहुपक्षीय संस्थाएं तेजी से लुप्त होती जा रही हैं। उन्हें पुनः खड़ा करने और सक्रिय करने के प्रत्येक प्रयास से वांछित परिणाम नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने कहा, इसलिए, आपको ऐसे मुद्दों पर ध्यान देना होगा जो आपके अपने देश से परे कई चीजों को प्रभावित करते हैं। आपके पास अब कोई ऐसा मंच नहीं बचा है जो प्रभावी ढंग से काम कर सके... बहुपक्षीय संस्थाएं और उनका योगदान शायद कम से कम निकट भविष्य में लुप्त होता दिख रहा है, जब तक कि उन्हें उस तरह की ऊर्जा के साथ फिर खड़ा करने का प्रयास नहीं किया जाता... यह अगले कुछ वर्षों में तो होने वाला नहीं है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- आप यह जानकर हैरान रह जाएंगे, हमारे शरीर में इतना लोहा होता है कि उससे 1 इंच लंबी कील बनाई जा सकती है।
- एक समुद्री केकड़े का दिल उसके सिर में होता है।
- इंटरनेट पर 80% ट्रैफिक, सर्च इंजन से आता है।
- आप यकीन मानिये आपको कभी भी ये याद नहीं रहेगा की आपका सपना कहाँ से शुरू हुआ था।
- दुनिया के 100 सबसे अमीर आदमी एक साल में इतना कमा लेते हैं, जिससे दुनिया की गरीबी 4 बार खत्म की जा सकती है।
- हर सेकंड 100 से अधिक आसमानी बिजली धरती पर गिरती है।
- हमारे हर रोज करीब 200 बाल झड़ते हैं।
- एक गिलहरी की उम्र, 9 साल होती है।
- दुनिया में 85% लोग सोने से पहले वो सब सोचते हैं, जो वो अपने जीवन में करना चाहते हैं।
- एक माँ अपने बच्चे के वजन का तकरीबन सही अंदाजा लगा सकती है, जबकि पिता उसकी लंबाई का।
- यदि एक चींटी का आकार एक आदमी के बराबर हो, तो वो कार से दोगुनी तेजी से दौड़ेगी।

## राशिफल

**मेष:** किसी खास व्यक्ति से सहयोग मिल सकता है। आपका दिन अच्छा रहेगा। आपके दाम्पत्य संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। आपका स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा।

**वृष:** पिता के व्यवहार से आपका मन थोड़ा उदास हो सकता है। प्रेमी जन से आज कोई वायदा न करें। धर्म-कर्म को लेकर आडम्बर करने वालों की आलोचना होगी।

**मिथुन:** मानसिक रूप से अशांत रहेंगे। आफिस में आपको अपमान झेलना पड़ सकता है। घरवालों की बात भी उचित व अनुकूल प्रतीत नहीं होगी।

**कर्क:** आज कुछ साथियों से आपका मनमुटाव हो सकता है। आज आपका खर्च बढ़ सकता है, इसलिए आपको अपने खर्चों पर लगाम लगानी चाहिए।

**सिंह:** अपने कार्यों को दूसरों के भरोसे न छोड़े। व्यवसाय में आपको बड़ा निवेश करना पड़ेगा। आप जिनसे अपेक्षा रखेंगे वो ही आपको धोखा दे सकते हैं।

**कन्या:** विवाहित अपने जीवनसाथी में पूर्णतया विश्वास जताएं अन्यथा संबंधों में खटास पैदा हो सकती है। आपके खर्चे बजट को बिगाड़ सकते हैं।

**तुला:** बिना मतलब दूसरों के मामलों में प्रतिक्रिया न दें। छात्रों के लिये आज का दिन बहुत अच्छा है। करियर को लेकर काफी गम्भीर रहेंगे।

**वृश्चिक:** साथी भी खुश होगा कि आप काम व सफलता का मजा ले रहे हैं। अच्छे समय का पूरा लाभ उठाने अच्छे समय का पूरा लाभ उठाने की कोशिश करें।

**धनु:** धन को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। कठिन परिस्थितियों में मित्र काम आयेंगे। सुख-सुविधाओं का आनन्द लेंगे। सम्पत्ति विवादों में उलझन बढ़ सकती है।

**मकर:** आज आपकी तरक्की में थोड़ी रुकावटें आ सकती हैं। इससे आपकी परेशानी बढ़ सकती है। हालांकि इसके बावजूद आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा।

**कुंभ:** घर का वातावरण सुखद रहेगा। परिवार के सदस्य प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में बड़ा धन लाभ होने की संभावना है। विपरीत लिंग के लोगों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

**मीन:** कोई फैसला करने से पहले अच्छाईयों, कमियों पर सावधानी से गौर फरमाएँ। ऐसे स्रोत से धन अर्जित कर सकते हैं, जिसके बारे में पहले सोचा तक न हो।

## चुटकुले

टीचर पिंटू से बहुत परेशान थे
टीचर - पिंटू अपनी बैग से सारी किताबें निकालो।
पिंटू - निकाल ली सर।
टीचर - ये किताब किसकी है?
पिंटू - सर, कागज की है।
टीचर - ये तो मुझे भी पता है कागज की है।
पिंटू - तो फिर पूछ क्यों रहे हो?

---

डॉक्टर- कैसे हो?
शराब पीना बंद किया या फिर नहीं?
मरीज- जी डॉक्टर साहब, बिल्कुल छोड़ दिया है. बस कोई ज्यादा रिक्वेस्ट करता है तो पी लेता हूं.
डॉक्टर - बहुत बढ़िया... और यह तुम्हारे साथ कौन भाई साहब हैं?
मरीज- जी इनको रिक्वेस्ट करने के लिए रखा हुआ है।

---

पत्नी- तुमने मेरे साथ धोखा किया है?
पती- क्यों जानेमन क्या हुआ?
पत्नी- तुमने बताया ही नहीं कि तुम्हारी रानी नाम की पहले से एक पत्नी है
पती- ससुर जी को बताया तो था कि तुझे बिल्कुल रानी की तरह रखूंगा।

## 28 02 2025 करंट क्राइम

### सेलेब्रिटी जन्मदिन




मनोज गुप्ता
प्रधान सम्पादक
दैनिक करंट क्राइम


### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

## आज के जन्मदिन


नीतू सेठी


अर्पणा मिश्रा


रामकिशोर अग्रवाल


अखंड प्रताप


अजय गुप्ता


डॉ. अवनीश गुप्ता


दीपक गुप्ता


राजेंद्र शर्मा


अंकित शुक्ला


प्रशांत मिश्रा


सरफराज अहमद


विपिन कुमार


विपिन बिहारी


हर्ष गर्ग


पम्मी त्यागी


कुशल ठाकुर


शिवनाथ यादव


नितिन त्यागी


सुरेंद्र कुमार


वीनू


दीपक


जतिन बत्रा


शैलेश भारद्वाज


योगेश

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# वसुंधरा में भगवती जागरण का आयोजनइ, भजनों पर झूमे भक्त

## शहर विधायक संजीव शर्मा ने किया शुभारंभ





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर 5 मोहन मेकिंग सोसायटी में माता रानी के दरबार में भव्य देवी जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें आए हुए कलाकारों द्वारा माता रानी के सुंदर भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। आयोजक मनोज पाल ने बताया कि माता रानी के सुंदर भजनों पर झूमे श्रद्धालु रात जागरण में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ गणेश स्तुति के साथ माता रानी का जागरण का शुभारंभ हुआ। कलाकार प्रबल पागल ने अपने चिर परिचित अंदाज में जो मेरे घर में आई ना, मेरी बिगड़ी बात बनाए ना, तो तेरी मेरी कट्टी हो जाएगी, तूने मुझे बुलाया शेरा वालिए, मैं आया मैं आया शेरावालिए जैसे सुंदर भजनों की प्रस्तुति कि कलाकारों ने बीच-बीच में मां काली, पार्वती राधा-कृष्ण, शेर पर सवार शेरावाली की मनमोहक झांकियां पेश कर समा बांध



दिया। मनोज पाल ने सभी श्रद्धालुओं व कलाकारों का आभार व्यक्त किया व प्रसाद वितरण कराया गया। इस मौके पर महामंत्री पप्पू पहलवान मंडल अध्यक्ष विनीत त्यागी पार्षदों में सत्येंद्र चौधरी राजकुमार भाटी नरेश भाटी भूपेंद्र उपाध्याय गौरव सोलंकी आशीष चौधरी राजीव शर्मा अनुराग मिश्रा आदि क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

# लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट ने चंद्रशेखर आजाद को किया याद बांटे फल





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लोक शिक्षण अभियां ट्रस्ट द्वारा सहित चंद्रशेखर आजाद पार्क में क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद को स्मरण करते श्रद्धांजलि दी गई। सपा महानगर अध्यक्ष एडवोकेट वीरेंद्र यादव ने विचार व्यक्त करते हुए, शोषण मुक्त समाज बनाने के सपने को साकार करने के लिए जन-जन में पहुंचने का संकल्प लिया गया। संस्था के अध्यक्ष रामदुलार यादव ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद बेहद अभाव में जीवन जीते हुए भारत को स्वतंत्र करने में अंतिम सांस तक लड़े और अपने प्राणों की आहुति दे दी उन्होंने 14 साल की उम्र में ही महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन में अपनी प्रतिभा का परिचय दे दिया था। बाद में उन्होंने हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन संस्था बना क्रांतिकारियों का बड़ा संगठन खड़ा कर दिया उनका सपना था कि जब देश आजाद होगा तो शोषण अन्याय अहंकार मुक्त समाजवादी समाज बनेगा लोगों में सद्भाव भाईचारा प्रेम होगा। इस अवसर पर इंजीनियर धीरेंद्र यादव, सुदामा, जय भगवान, भगत, सुनील, रण बहादुर, दिलीप यादव, विनोद वाल्मीकि, हरिकृष्ण, अमर बहादुर, सुभाष यादव, अखिलेश शुक्ला, अरुण कुमार, पटेल ओंकार अजय वीर लाला सिंह अजय यादव, मुकेश आकाश, राधेश्याम, ऋषिकेश, कन्हैयालाल, लक्ष्मी चंद, प्रेमचंद पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

# सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी ने शहीद चंद्रशेखर आजाद को दी श्रद्धांजलि

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभास पार्टी) ने आज दिनांक 27 फरवरी 2025 को अपने राष्ट्रीय कार्यालय पर अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद जी के 95वे शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। आज ही के दिन 27 फरवरी 1931 को इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क वर्तमान चंद्रशेखर आजाद पार्क में भारत माता की आजादी के लिए अंग्रेजों से लड़ते हुए महान क्रांतिकारी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद शहीद हो गये थे।




सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर आयोजित चंद्रशेखर आजाद श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धांजलि देते हुए सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी के संस्थापक सतेंद्र यादव ने शहीद चन्द्रशेखर आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा चन्द्रशेखर आजाद के देश के प्रति जो विचार थे। उन्हें युवाओं को अपनाना चाहिए और अपने देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाना चाहिए। श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धांजलि देते हुए सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी के वक्ता विनोद अकेला ने कहा चंद्रशेखर आजाद आजाद थे आजाद रहे और आजाद ही रहेंगे बाल काल में ही आजादी के प्रति उनके जुनून ने युवाओं में भारत माता को आजाद करने के लिए नया जोश भर दिया था चंद्रशेखर आजाद का केवल और केवल एक मात्र उद्देश्य था कि भारत माता को अंग्रेजों की दासता से मुक्त कराना और अंत तक वह अपने उद्देश्य को प्राप्त करने में लगे रहे उनका नाम सुनते ही बड़े बड़े अंग्रेज अफसर अपने घरों के अंदर बैठे-बैठे थर्रा जाते थे। श्रद्धांजलि देते हुए अनिल सिन्हा ने कहा कुछ वे लोग जिनका आजादी की लड़ाई में कोई योगदान नहीं था और आज सत्ता में बैठे हैं वे लोग देश के अनेक स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकार में भेद करके अपनी स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल नहीं होने की कायरता को छुपा रहे हैं।

इस अवसरों पर मुख्य रूप से अनुपम अग्रवाल रोहित रिंकू अक्षय दीपक हरीश प्रिंस विकास नवीन नसरुद्दीन जगदीश गोयल इरशाद बेग, राजेश कुमार कप्तान गोपाल सिंह, डॉ राजीव श्रीवास्तव, राम नरेश ठाकुर, धीरेन्द्र भदौरिया, कमल यादव, पन्ना लाल, संजय श्रीवास्तव, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, राजेंद्र यादव, गोपाल जी सैंकड़ों मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# जीडीए ने अटौर में अवैध कॉलोनी पर चलाया बुलडोजर

## 5-6 बीघा में फैला अवैध निर्माण ढहाया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष के अवैध निर्माण/अवैध कालोनियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देशों के क्रम में गुरुवार को जी0डी0ए0 प्रभारी प्रवर्तन जोन- 1 के नेतृत्व में ग्राम अटौर में दीपक एवं जोगिंदर चौधरी द्वारा लगभग 5 से 6 बीघा में अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। कॉलोनी में भूखण्डों की बाउण्ड्रीवाल, सड़क, विद्युत पोल, साईट ऑफिस, आदि के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी। स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के समय अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता, एवं समस्त सुपरवाईजर/मेट, स्थानीय



पुलिस बल, मोरटा पुलिस बल तथा प्राधिकरण पुलिस बल उपस्थित रहा। मौके पर उपस्थित लोगो से यह अपील की गयी कि अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कालोनी में भूखण्डों का क्रय-विक्रय न करें।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय वसुंधरा आश्रम में धूमधाम से मनाया गया महा शिवरात्रि पर्व

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय वसुंधरा आश्रम में धूमधाम से मना महा शिवरात्रि पर्व। भक्तों ने शिव को जल अर्पित कर सुख-शांति की मनोकामना की। इस मौके पर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी राजेश ने कहा शिव का अर्थ है 'कल्याणकारी'। परमात्मा का यह नाम इसलिए है कि वह धर्मग्लानि के समय, जब सभी मनुष्यात्माएं माया अर्थात काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार पांच विकार के कारण दुःखी, अशांत, पतित एवं भ्रष्टाचारी बन जाती हैं तब उनको पुनः पावन तथा संपूर्ण बनाने का कल्याणकारी कर्तव्य करते हैं।





मुख्य अतिथि के रूप में पधारे अंतरराष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन, उपनिरीक्षक और मुख्य भारतीय कोच केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल( सीआईएसएफ) सतपाल यादव उर्फ सत्तन यादव ने कहा इस शिवरात्रि पर्व पर हम सभी यह दृढ़ संकल्प लें कि हम देहाभिमान त्याग कर, आत्म-स्थिति में स्थित होकर व आत्मा के मूल गुणों को धारण कर जीवन के व्यवहार में लायेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारी उत्तम स्कूल गाजियाबाद की अध्यापिका, राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित, संस्कृत के प्रचार प्रसार में अग्रसर नीता वर्मा ने कहा हम सभी शिवरात्रि पर उपवास रखते हैं जिसमें भोजन आदि का त्याग करते हैं परंतु इससे कहीं अधिक आज उपवास



के अवसर पर हम अपनी बुराइयों का त्याग करें। राजनगर मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी ने इस अवसर पर सभी को शिवरात्रि की शुभकामनाएं दी। सुदर्शन ने सुंदर कार्यक्रम और आश्रम की सेवाओं की सराहना की। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी देवना और पूर्व मंडल अध्यक्ष विनीत शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से अजय, सुभाष, प्रदीप, कुमकुम, रजनी, अनामिका शर्मा, विनय, श्रीचंद चौहान, अनुज राघव, हिमांशु, अभिषेक, राणा शंकर, यश, प्रतिभा, अर्चना, वीना, माधुरी, विवाह, सुबह, आनंदी, अनुराधा, छाया, अर्जुन आदि उपस्थित रहे।

# हिंदू युवा वाहिनी ने शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की



**मुरादनगर, करंट क्राइम।** हिन्दू युवा वाहिनी पदाधिकारियों ने हिन्दू भवन पर अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर



श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। हिन्दू युवा वाहिनी जिलाध्यक्ष आयुष त्यागी काकड़ा ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यदि कोई युवा मातृभूमि की सेवा नहीं करता, तो उसका जीवन व्यर्थ है। आजाद ने अपने साहस, बलिदान और राष्ट्रभक्ति से संपूर्ण भारत के युवाओं के लिए एक आदर्श स्थापित किया। आयुष त्यागी काकड़ा ने आगे कहा कि युवाओं को आजाद के बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्र और हिंदुत्व की रक्षा के लिए संगठित होना चाहिए। इस मौके पर जिला संयोजक अवनीश प्रधान, जिला उपाध्यक्ष मोहित त्यागी, नगर अध्यक्ष सुशील प्रजापति, सह प्रभारी हरित खटीक, उपाध्यक्ष प्रशांत त्यागी, शुभम, बबलू प्रजापति, संजय सौरव, बिरजू आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आईएमएस यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में हुआ खेल प्रतियोगिता 'स्पर्धा 2025' का आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में स्पोर्ट क्लब एवं डीकाथलॉन के सहयोग से दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता स्पर्धा-2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्वेता शर्मा (पैरालंपिकियन), बादल तेवतिया (अल्ट्रा - मैराथन रनर) एवं संस्थान के निदेशक डॉ.अरुण कुमार सिंह द्वारा खेल मसाल प्रज्वलित कर एवं रंग बिरंगे गुब्बारों को हवा में उड़ा कर किया गया।

खेल प्रतियोगिता में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें बास्केटबॉल, बैडमिंटन, शॉट पुट, वॉलीबाल, ब्रॉड जम्प, रस्साकसी, टेबल टेनिस, डिस्कस थ्रो, लेमन एंड स्पून रेस, एवं दौड़ प्रतियोगिता प्रमुखतः रहीं। प्रतियोगिताओं में संस्थान के 1000 से अधिक छात्र- छात्राओं ने पंजीकरण कराया एवं भाग लिया।

बास्केट बॉल प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में बीबीए के श्रेयांश सिंह की टीम प्रथम रही। जबकि बीबीए के आर्यन कपूर की टीम द्वितीय स्थान पर रही, वहीं महिला वर्ग में बीएससी की साक्षी की टीम ने प्रथम एवं बीएससी की स्नेहा की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शॉट पुट प्रतियोगिता महिला वर्ग में बीबीए की छात्रा अश्मी प्रथम स्थान पर रहीं। द्वितीय स्थान पर बीबीए की छात्रा दिव्यांशी रहीं एवं तृतीय स्थान बीबीए की छात्रा भूमि रॉय को प्राप्त हुआ। टेबल टेनिस प्रतियोगिता पुरुष वर्ग में मयंक त्यागी प्रथम एवं उज्जवल त्यागी द्वितीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में दीप्ति गंगवार प्रथम एवं दीप्ति द्वितीय रहीं। कार्यक्रम के अंत में सभी विजित





प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन कपिल चौधरी (स्पोर्ट्स अफसर), डॉ संध्या शर्मा एवं नेहा अंतल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन उपस्थित जनों का धन्यवाद कर किया गया।

# एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी में कैंपस प्लेसमेंट का हुआ आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी में प्रसिद्ध कंपनी के. डब्लयू. ग्रुप द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। इस ड्राइव में एम.बी.ए., बी.बी.ए., बी.कॉम, बी.सी.ए., एम.सी.ए., बी.टेक. (कम्पयूटर सांइस) के विद्यार्थियों ने भाग लिया। ड्राइव का आरम्भ कंपनी प्रोफाईल अथवा जॉब डिस्क्रिप्शन के बारे मे कंपनी के अधिकारियों द्वारा बताकर किया गया। इस ड्राइव में पर्सनल इंटरव्यू के माध्यम से विद्यार्थियों का चयन कंपनी द्वारा किया गया।





इस अवसर पर सुन्दर दीप ग्रुप के चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुंदरदीप समूह अखिल अग्रवाल, एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो० (डॉ०) प्रसेंनजीत कुमार, प्रो० वाइस चांसलर पीयूष श्रीवास्तव, आई.जी. पुलिस (से०नि०), रजिस्ट्रार डॉ० राजीव रतन, अमित भारद्वाज, निदेशक (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट), प्रो. (डॉ०) हरीश तलूजा, निदेशक इंजीनियरिंग, प्रो० (डॉ०) दीपा कंवर, उप निदेशक तथा सभी कॉलेजों के निदेशक, विभागाध्यक्ष, और फैकल्टी सदस्यों द्वारा चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# मोहन नगर और सिटी जोन में संपत्ति विभाग ने कब्जा मुक्त कराई नगर निगम की भूमि

## निगम की भूमि कब्जाने वालों पर हो एफआईआर : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा मोहन नगर जोन की अर्थला क्षेत्र में तथा सिटी जोन अंतर्गत सिद्धिक नगर में निगम की भूमि को कब्जा मुक्त करने के लिए अभियान चलाया गया। मौके पर प्रभारी संपत्ति पल्लवी सिंह तथा अन्य टीम उपस्थित रही। परवर्तन टीम का विशेष सहयोग अभियान के दौरान रहा। लगभग दोनों अभियान में 7 करोड़ की भूमि कब्जा मुक्त कराई गई।





### नगर आयुक्त ने अविलंब कार्रवाई के दिए निर्देश

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त द्वारा विभाग को प्रतिदिन ऐसी भूमि जिन पर कब्जा पाया जा रहा है। अविलंब कार्रवाई के लिए कहा गया है इसके अलावा संपत्ति विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को मॉनिटरिंग को प्रबल करने के निर्देश दिए गए हैं, दोषियों के विरुद्ध एफआईआर करने के लिए भी टीम को निर्देश दिए गए हैं। अर्थला तथा सिद्धिक नगर में खाली कराई गई भूमि पर गाजियाबाद नगर निगम का बोर्ड लगाने तथा तार फेंसिंग के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं।

### निगम निरंतर चला रहा अभियान

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार गाजियाबाद नगर निगम संपत्ति विभाग की टीम लगातार निगम की भूमि को कब्जा मुक्त करने में जुटी हुई है निरंतर अभियान चल रहे हैं। अर्थला की खसरा नंबर 1330 में 700 वर्ग मीटर भूमि कब्जा मुक्त कराई गई जिसकी लागत 3.50 करोड़ आंकी गई है। इसी प्रकार सिद्धिक नगर में 1640 वर्ग मीटर भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया है जिसका खसरा नंबर 307,316,317 है संपत्ति की लागत लगभग साढ़े तीन करोड़ आंकी गई है।

# शालीमार गार्डन में मनाई गई क्रांतिकारी नेता चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले क्रांतिकारी नेता चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि मनाई गई। भाजपा कार्यकर्ताओं के शालीमार गार्डन स्थित चंद्रशेखर पार्क में उनकी प्रतिमा पर चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष आलोक शर्मा, मंडल अध्यक्ष अशोक भाटी, मंडल अध्यक्ष विपिन डागर, कैबिनेट मंत्री कार्यालय प्रभारी हरिश्चंद्र शर्मा ने कहा कि चन्द्र शेखर आजाद स्वतंत्रता की जंग में आजादी के लिए अपनी वीरता का परचम



लहराया था। हम सबको आज उनकी पुण्यतिथि पर उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्षों में आलोक शर्मा, अशोक भाटी, विपिन डागर, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा कार्यालय प्रभारी हरिश्चंद्र शर्मा, पवन रेड्डी, उदयवीर चौधरी, सतीश सेन, संतोष गुप्ता, सोनू भाटी, मनीष सेन, सोनू बंसल, सुरेश तिवारी, संदीप वर्मा, वीरेंद्र प्रसाद, गुरदास पाल आदेश तिवारी, सुनील त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# ट्रक और बस एसोसिएशन ने किया जिलाधिकारी दीपक मीणा का सम्मान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद ट्रक और बस एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारियों ने गुरुवार को जिला गाजियाबाद के नवनियुक्त जिलाधिकारी दीपक मीणा का फूलमाला व शॉल देकर सम्मान किया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष जिले की समस्याओं से अवगत कराया जिस पर जिलाधिकारी ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष महेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष गौरव शर्मा, मीडिया प्रभारी अमित भारद्वाज, तेजपाल त्यागी (अध्यक्ष बस एसोसिएशन), संजय सिंह, मनोज सिंह, राजकुमार तनेजा एवं समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष कमलेश कुमार (कम्मों पंडित) विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# धूमधाम से संपन्न हुआ रितिका यादव गौरव यादव का शुभ विवाह



**गाजियाबाद करंट क्राइम। मंजू यादव तथा स्वर्गीय बबलू यादव पहलवान की सुपुत्री रितिका यादव का शुभ विवाह नोएडा निवासी डॉ गौरव यादव के साथ वेदांता फार्म हाउस में धूमधाम से संपन्न हुआ। समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर वर वधु को आशीर्वाद दिया।**




### क्या हो गया फिर से एक बार उसके साथ इमोशनल खेला

कहा तो ये जाता है कि ध्वज वालों के कोई भी अलाने जी से लेकर फलाने जी ऐसे नही हैं जो उनके घर ना आये हों। विधानसभा का टिकट मांगने की हैट्रिक वो लगा ही चुके हैं ये अलग बात है कि मिला एक बार भी नही। सुना है कि इस बार उनके नाम की वीटो लगी थी। इधर नाम लिफाफे में बंद हुया और उधर उन्होने जुबान बंद कर ली। बस दम साध कर घोषणा का इतंजार हो रहा था। पर क्या बतायें ये फूल सियासत एन मौके पर शूल चुभा देती है। सुना है कि लिफाफा फट गया है और गारंटी फेल हो गई हैं। बताने वाले बता रहे हैं उनके साथ उक बार फिर से इमोशनल खेला हो गया है। अब फिर से लिस्ट बनेगी और इसी लिस्ट में फैक्टर ऐसा है कि अरमानों पर ट्रैक्टर चलेगा ही चलेगा।

### या तो वो चीफ ईमानदार थे या फिर ये साहब ईमानदार हैं

मीटर से लेकर इंच इंच के हिसाब से कमीशन तय करने वाले महकमें में किस्सा ईमानदारी को लेकर चला। ये महकमा ही ऐसा है कि रेट बाजार से कम और कमीशन एक पैसा भी नही होगा कम और उस पर सितम ये कि काम गुणवत्ता वाला चाहिये। बीच में गली मौहल्ले का नेता भी शिकायत करेगा और मेंबर के तीन अलग से निकालने हैं। यहां पब्लिक का चुना तो कोई ईमानदार नही मिला मगर पब्लिक सर्वेंट जरूर ईमान वाले मिल गये। महकमें में हर लिफाफे से जुड़ें इंसान ने कहा कि महान तो दो ही देखे हैं। उन्होने बताया कि एक तो वो थे जिन्हे मेरठ से रातो रात प्रमोट करा कर लाया गया था। वो कमी बताते थे फिर चिट लगा कर सुधारने की नसीहत देते थे। उन्होने आते ही कमीशन भी कम कर दिया था और किसी को नही सताते थे। उन्होने बताया कि उन वाले चीफ के बाद अगर कोई ईमानदार आया है तो वो अब वाले चौधरी साहब हैं। उनकी नीती ना खाऊंगा ना खाने दूंगा से थोड़ी अलग हैं। उनका सीधा सा फंडा है कि मैं कमीशन नही खाऊंगा और जिन्हे खाना हैं वो खा सकते हैं। महकमें से जुड़े लोग ही बता रहे हैं कि इन वाले साहब की ईमानदारी के तो विभाग के बेईमान भी कायल हो गये हैं।

### वो निगम मेंबर तो पहले दिन से गा रहा है भाजपा के गीत

निगम वालों के बीच बात उन मेंबरो को लेकर चली तो जो जीते तो दूसरे दल के टिकट से हैं मगर जीतने के तुरंत बाद वो निकट फूल के हो गये। दल भले ही दूसरा हो मगर दिल तो कमल वालों को ही दिया है। कहने वाले ने कहा कि सदन के भीतर गिनती में भले ही विपक्ष के मेंबर हैं लेकिन यहां तो मुददो को लेकर भी मोर्चा फूल वाले ही खोलते हैं। निगम की किराये की दुकानों का मामला हो तो कमल वाले आगे और पैठ बाजार का मामला हो तो फ्लावर वाले फायर अंदाज में आते है। पता चला कि अपोजीशन के एक मेंबर तो जीतने के बाद से ही कमल वालों के साथ हैं। वो आर्शीवाद लेने फूल वाले नेताओं के पास गये थे। बताया ये था कि व्यापार मडंल के नाते गये थे। वो मेयर को माता का दर्जा देते हैं और एक भी शब्द भाजपा के खिलाफ नही बोलते हैं। तब बताया गया कि आप को ये बात पता देर में चली है। ये बात तो उनके मौहल्ले से लेकर गली गली है कि वो पहले दिन से ही फूल वालों के मीत है और पहले दिन से गा रहे उन्ही के गीत हैं।

## दो कारों को आपस में हुई भिडंत, हादसे में चार लोग हुए घायल




गाजियाबाद करंट क्राइम। मेरठ दिल्ली एक्सप्रेस वे पर गुरुवार की सुबह सेंट्रो ने ब्रेजा कार में टक्कर मार दी। हादसे में सेंट्रो कार सवार चालक जैद निवासी शहजांपुर किठोर मेरठ और उमर पुत्र तहसीन निवासी सिकन्दर गेट पुलिस चौक बन्डा पट्टी थाना कोतवाली नगर हापुड, सारिक पुत्र मौ इकबाल निवासी मजीदपुर बुलन्दशहर रोड थाना हापुड देहात, रिजवान पुत्र मौ0 अब्दुल निवासी सिकन्दर गेट शिवाजी पुरा थाना कोतवाली नगर हापुड और अनुज पुत्र कालू सिंह निवासी ग्रीनवैली कालोनी थाना कोतवाली देहात दुर्घटना में घायल हो गये। मौके पर क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु उपचार मैक्स हॉस्पीटल कौशाम्बी में भर्ती कराया गया।




## कमिश्नरेट के पांच सर्किल हो गए पिंक

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में महिला सशक्तिकरण का डंका बजता हुआ नजर आ रहा है। गुरुवार को आई लोकल एसीपी स्तर की तबादला लिस्ट ने पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में पांच सर्किल पिंक करवा दिए हैं। तो वहीं सिटी से लेकर देहात और नदिया पार तक महिला पुलिस अधिकारी एसीपी की भूमिका निभाने को तैयार हैं। सिटी के एक सर्किल पर जहां महिला अधिकारी हैं, तो वहीं देहात में दो सर्किल और नदिया पार में भी एक सर्किल पर महिला अधिकारी की तैनाती है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में वर्तमान में पांच सर्किल ऐसे हो गए हैं, जिन्हें अब पिंक सर्किल कहा जाने लगा है। वहीं इस लिस्ट के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र कह रहे हैं कि जिस तरीके से केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं को आरक्षण से लेकर अन्य वरियता दी जा रही है, उसका असर अब धीरे-धीरे पुलिस सिस्टम में भी नजर आने लगा है। जिसका असर है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में महिला अधिकारियों की संख्या में इजाफा हो रहा है। तो वहीं महिलाएं फील्ड पोस्टिंग में भी जमकर तैनात की जा रही हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में महिला थाना से लेकर दो स्थानों पर महिला प्रभारी इन दिनों कमान संभाले हुए हैं। तो नदिया पार के खास थाने में महिला थ्री-स्टार प्रभारी के साथ बराबरी से काम कर रही हैं। वहीं कई थानों में महिला उप निरीक्षकों की संख्या आधा दर्जन से अधिक भी नजर आती हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं की लोकल तबादला लिस्ट में जहां दो एसीपी शांत कर दिए गए हैं। तो वहीं एक एसीपी को फिर दरकिनार किया गया है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि एक एसीपी ने राहतवाली सांस ली है। उनको लगभग तीन महीने के इंतजार के बाद जल्द अब रिलीव करने की भी जानकारी मिल रही है। देखना होगा उनको फेयरवेल वाला गिफ्ट मिलेगा या वह ऐसे ही रवाना कर दिए जाएंगे। कुल मिलाकर पुलिस के लखनऊ वाले सूत्र बता रहे हैं कि 2 मार्च से पहले बड़ी वाली लिस्ट आने की संभावना बनी हुई है। देखना होगा उसके बाद किस जिले और कमिश्नरेट में बदलाव होता है और कौन इसमें सवार होता है। सूत्र बता रहे हैं कि गाजियाबाद में एक डीसीपी स्तर के अधिकारी को पश्चिम की पोस्टिंग वाला गिफ्ट भी मिलना तय माना जा रहा है।



## किराएदार बनकर मकान मालिकों को फंसाती थी महिला, दो साथियों संग गिरफ्तार



**नोएडा (करंट क्राइम)।** सेंट्रल नोएडा पुलिस ने हनी ट्रैप गिरोह का भंडाफोड़ किया है। थाना बादलपुर पुलिस ने एक महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 40 हजार रुपये बरामद हुए हैं। गिरोह ने सादोपुर गांव में एक व्यक्ति को हनी ट्रैप में फंसाया था। उस पर बलात्कार का झूठा आरोप लगाकर 2.5 लाख रुपये की मांग की गई। पीड़ित ने डर कर 40 हजार रुपये दे दिए। बाद में उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने 26 फरवरी को तीनों आरोपियों को पकड़ा। इनमें बादल डेढ़ा उर्फ कालू सिंह (38), प्रिंस (22) और जेहरा (19) शामिल हैं। बादल से 13 हजार, प्रिंस से 12 हजार और जेहरा से 15 हजार रुपये बरामद किए गए। डीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि गिरोह दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय था। जेहरा को मकान मालिकों के यहां किराएदार बनाया जाता था। फिर वह उन पर बलात्कार का झूठा आरोप लगाती थी। गिरोह के लोग खुद को बड़े अधिकारियों का करीबी बताते थे। वकील को साथ लेकर मकान मालिकों को धमकाते और पैसे वसूलते थे। जांच में पता चला कि बादल डेढ़ा शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ पहले से 11 मामले दर्ज हैं। वह जेहरा का इस्तेमाल लोगों को ठगने के लिए करता था। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## नहर में कूदा छात्र, मौत

**मुरादनगर करंट क्राइम।** फिजिक्स का पेपर बिगड़ने से मानसिक तनाव में आकर नहर में कूद कर बारहवीं के छात्र कार्तिक ने खुदकुशी कर ली। धेदा गांव स्थित मॉडल टाउन कॉलोनी निवासी 12वीं के छात्र कार्तिक पुत्र सुनील कुमार का 21 फरवरी को भौतिक विज्ञान की परीक्षा थी। परिजनों ने बताया कि कार्तिक का फिजिक्स का पेपर बिगड़ गया था, उसी शाम को वह कुछ कागज प्रिंट कराने की बात कहकर साइकिल लेकर घर से निकला। लेकिन वापस नहीं लौटा। उसकी साइकिल गंगनहर रेलवे पुल के पास खड़ी मिली थी। आशंका जताई जा रही थी कि नहर में कूदकर छात्र ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से नहर में छात्र की तलाश की। एनडीआरएफ की टीम ने छात्र की तलाश में सर्च अभियान चलाया था। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि बुधवार को कार्तिक का शव चितौड़ा पुल के पास से पुलिस ने बरामद किया।

## युवा शक्ति




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय सचिव तेज सिंह बबली चौधरी ने कैला भट्टा निवासी साहिलखान गुड्डू को पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके अलावा रमीज राजा बॉबी को अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। साहिल खान गुड्डू ने कहा कि वो अभियान चला कर युवाशक्ति को पार्टी से जोड़ेंगे। इस अवसर पर इमरान, अमान,जाहिद,विनोद,संजीव मुख्य रूप से मौजूद थे।**

## कंपनी के दो पक्षों में मारपीट, नोएडा में डोर टू डोर उठाती है कूड़ा, दोनों पक्षों ने पुलिस की दी शिकायत



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा में डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाली कंपनी के दो मजदूर संगठनों के बीच विवाद हो गया। दोनों संगठनों के बीच बुधवार देररात जमकर मारपीट की गई। दोनों पक्षों की ओर से थाना फेज-1 पुलिस को शिकायत दी गई है। वहीं घायल लोगों का मेडिकल कराया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। बता दे कंपनी प्राधिकरण से अनुबंधित है। सेक्टर 8 नोएडा में स्थित कंपनी है। ये कंपनी नोएडा में डोर टू डोर कूड़ा उठाने का कार्य करती है। इसमें दो मजदूर संगठन में विभिन्न मुद्दों पर कंपनी से आपसी विवाद चल रहा है। सैलरी और कार्य को लेकर दोनों संगठन के बीच आपस में मनमुटाव होता रहता है। इन दोनों संगठनों की कंपनी और प्राधिकरण से भी कई बार बातचीत हो चुकी है। देर रात इसी कंपनी में रोहित ठाकुर पुत्र रामकेश निवासी ए-8 सेक्टर 5 में कार्य करता है। बुधवार देर रात रोहित एवं उसके अन्य साथी दूसरे पक्ष के ईश्वर वाल्मीकि नाम के व्यक्ति के यहां गए। वहां दोनों ने पहले बातचीत की। इसके बाद झगड़ा हो गया। जिसमें दोनों पक्षों के लोगों को चोटें लगी।

## एक रात में तीन घरों से चोरी, 12 लाख के जेवर और डेढ़ लाख नकद



**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** मुरादनगर थाना क्षेत्र के सुराना गांव में चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने एक ही रात में तीन मकानों को निशाना बनाया। चोर करीब 12 लाख रुपये के जेवरात और डेढ़ लाख रुपये नकद लेकर फरार हो गए। पहली वारदात यूपी पुलिस के सिपाही योगेंद्र यादव के घर हुई। योगेंद्र मुजफ्फरनगर में तैनात हैं। वारदात के समय परिवार के अधिकतर सदस्य एक शादी समारोह में गए हुए थे। घर में केवल वीरसैन की पत्नी विमलेश और छोटे भाई की पत्नी अनीता मौजूद थीं। दोनों महिलाएं अपने-अपने कमरे में सो रही थीं। चोरों ने सेफ से 80 हजार रुपये नकद और दस लाख रुपये के गहने चुरा लिए। दूसरी चोरी हरपाल सिंह के घर हुई। यहां से बदमाश 45 हजार रुपये नकद और 50 हजार रुपये के जेवरात ले गए। तीसरी वारदात नितिन कुमार के घर में हुई। नितिन उस समय नोएडा गए हुए थे। चोरों ने मकान का ताला तोड़कर 25 हजार रुपये नकद और एक लाख रुपये के गहने चुरा लिए। पीड़ितों ने मुरादनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## यूपी में शराब दुकानों के लिए ई-लॉटरी, 28 फरवरी तक होगा आवेदन



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश में शराब दुकानों का आवंटन अब ई-लॉटरी से होगा। आबकारी विभाग ने इसके लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। नई शराब नीति के तहत कंपोजिट दुकानों, देशी शराब की दुकानों और मॉडल शॉप के लिए चरणबद्ध तरीके से ई-लॉटरी होगी।

आवेदन की अंतिम तिथि 28 फरवरी है। आवेदकों को धोखाधड़ी से बचाने के लिए विभाग ने केवल आधिकारिक पोर्टल https://exciseelotteryup.upsdc.gov.in/ के उपयोग की सलाह दी है। जिला आबकारी अधिकारी प्रकाश सिंह ने बताया कि आवेदकों की मदद के लिए कलेक्ट्रेट स्थित आबकारी कार्यालय में हेल्प डेस्क बनाया गया है। यह सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक खुला रहेगा। किसी भी समस्या के लिए लोग हेल्प डेस्क पर जा सकते हैं। वे सीयूजी नंबर 9454466409 पर भी संपर्क कर सकते हैं। जिले में कुल 254 दुकानें हैं। इनमें से 146 दुकानों के लिए करीब 2000 आवेदन मिल चुके हैं। 8 दुकानों के लिए अभी तक कोई आवेदन नहीं आया है। इच्छुक उम्मीदवार कल तक आवेदन कर सकते हैं।

## आवारा कुत्तो - बंदरो से परेशान होकर नगरपालिका के सभासदों ने धरना प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ नगर पालिका परिषद क्षेत्र में आवारा कुत्तों और बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों को इनसे गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बंदरों के हमलावर होने के कारण लोग छत पर जाने से भी डर रहे हैं। सड़कों पर बच्चे भी आवारा कुत्तों के हमले का शिकार हो रहे हैं। इस समस्या के समाधान के लिए नगर पालिका के सभासदों ने 27 फरवरी को अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया था। हालांकि, अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना 20 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। ठेकेदार के पिता के हार्ट अटैक के कारण अस्पताल में भर्ती होने की वजह से कार्य में देरी हुई है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि सोमवार और मंगलवार से आवारा जानवरों को पकड़ने का काम शुरू हो जाएगा।

सभासदों ने चेतावनी दी है कि अगर मांगें पूरी नहीं हुईं तो 20 मार्च के बाद फिर से धरना शुरू किया जाएगा। धरने में विकास दयाल, सुनीता वर्मा, सुशील शास्त्री, अब्दुल मलिक, मोनू बजरंग, कासिम, नितिन पाराशर और नदीम जड़ोदिया सहित कई सभासद शामिल रहे। सभासदों ने अपनी मांगों का एक ज्ञापन भी सौंपा।

# उत्तर कोरिया ने यूक्रेन के खिलाफ रूस में भेजे नए सैनिक, दक्षिण कोरिया का बड़ा दावा

**सियोल ।** एक ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के लिए बातचीत की कोशिश में जुटे हैं। वहीं दूसरी ओर रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर दक्षिण कोरिया ने बड़ा दावा किया है। दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा (एनआईएस) ने कहा कि हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि उत्तर कोरिया ने कितने और नए सैनिक रूस भेजे हैं। एनआईएस ने यह भी कहा कि रूस के कुर्स्क क्षेत्र में बड़ी संख्या में उत्तर कोरियाई सैनिक मारे गए थे। इसके बाद रूस ने उत्तर कोरियाई सैनिकों को यहां से हटा लिया था। मगर फरवरी के पहले सप्ताह में यहां सैनिकों को फिर से तैनात कर दिया गया। वहीं यूक्रेन के राष्ट्रपति



वोलोडिमिर जेलेंस्की ने सात फरवरी को अपने संबोधन में कहा था कि कुर्स्क में यूक्रेन पर हमले बढ़ रहे हैं। यहां उत्तर कोरियाई सैनिक रूसी सेना के साथ लड़ रहे हैं।

**अमेरिका और दक्षिण कोरिया लगातार कर रहे दावा :** पश्चिमी, दक्षिण कोरियाई और यूक्रेनी खुफिया एजेंसियों ने पहले भी कहा था कि उत्तर कोरिया ने रूस की सेना का समर्थन करने के लिए अपने 10,000 से अधिक सैनिकों को तैनात किया है। यूं तो उत्तर कोरियाई सैनिक बेहद अनुशासित और अच्छी तरह प्रशिक्षित हैं, लेकिन युद्ध का अनुभव न होने और क्षेत्र की

> **दक्षिण कोरिया की जासूसी एजेंसी ने गुरुवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने रूस में अतिरिक्त सैनिक भेजे हैं। रूस की ओर से यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के दौरान कई उत्तर कोरियाई सैनिकों की मौत के बाद यह कदम उठाया गया है।**

जानकारी न होने वे हमलों के शिकार हो गए हैं।

पिछले महीने दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा (एनआईएस) ने कहा था कि रूस-यूक्रेन युद्ध में करीब 300 उत्तर कोरियाई सैनिक मारे गए और 2,700 अन्य घायल हुए। जबकि यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने मारे गए या घायल उत्तर कोरियाई लोगों की संख्या 4,000 बताई थी। अब दक्षिण कोरिया ने दावा किया कि जनवरी और फरवरी के बीच कुर्स्क में अतिरिक्त एक से तीन हजार उत्तर कोरियाई सैनिकों को तैनात किया गया था। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी के प्रमुख का ये भी दावा है कि उत्तर कोरिया ने अगस्त 2023 के बाद से करीब 13 हजार कंटेनर आर्टिलरी, मिसाइलें और अन्य हथियार रूस भेजे हैं। दक्षिण कोरिया को आशंका है कि यूक्रेन युद्ध में मदद के बदले रूस उत्तर कोरिया को अहम हथियार और तकनीक दे सकता है। साथ ही उन्हें आशंका है कि रूस, उत्तर कोरिया के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को भी मदद दे सकता है।

# चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरेगा लैंडर एथेना

**फ्लोरिडा ।** अमेरिका में बुधवार को एक निजी कंपनी ने एक और मून लैंडर लॉन्च किया, जो इस बार चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के और करीब जाने की कोशिश करेगा। इस मिशन में एक खास ड्रोन भी शामिल है, जो चंद्रमा के एक ऐसे गहरे गड्ढे में पहुंचेगा, जहां कभी सूरज की रोशनी नहीं पड़ती है। बता दें कि, टेक्सास की इंट्यूटिव मशीन्स कंपनी के लैंडर एथेना को स्पेसएक्स ने नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया। जानकारी के मुताबिक, यह 6 मार्च को चंद्रमा पर उतरेगा। पिछली बार कंपनी का लैंडर उतरते ही गिर गया था, लेकिन इस बार तकनीकी खामियों को दूर कर दिया गया है।



## चंद्रमा पर उतरने की बढ़ती प्रतिस्पर्धा

इन दिनों कई देशों और कंपनियों में चंद्रमा पर उतरने की होड़ मची हुई है। पिछले महीने अमेरिकी और जापानी कंपनियों ने एक ही रॉकेट से अपने लैंडर लॉन्च किए थे। इस हफ्ते फायरफ्लाई एयरोस्पेस नाम की अमेरिकी कंपनी का लैंडर चंद्रमा पर पहुंच सकता है। नासा ने चंद्रमा मिशनों के लिए करोड़ों डॉलर खर्च किए हैं, ताकि भविष्य में वहां अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने की तैयारी की जा सके।

कंपनी ने पिछली गलती से सीखा सबक पिछले साल, इंट्यूटिव मशीन्स ने 50 साल बाद पहली बार अमेरिका की तरफ से चंद्रमा पर लैंडिंग मिशन सफल बनाया था, लेकिन एक उपकरण के खराब होने से लैंडर टेढ़ा गिर गया। इस बार कंपनी ने उस गलती को सुधारने का दावा किया है। अगर इस बार भी लैंडर सीधा नहीं उतरता, तो इसके अंदर रखे ड्रोन और रोवर्स बाहर नहीं निकल पाएंगे। इसे लेकर कंपनी के अधिकारी ट्रेंट मार्टिन ने कहा, 'इस बार हम पहले से बेहतर प्रदर्शन करेंगे, लेकिन अंतरिक्ष मिशन में कुछ भी निश्चित नहीं होता।

चंद्रमा पर पहला 'हॉपिंग' ड्रोन इंट्यूटिव मशीन्स का एथेना लैंडर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव से 160 किलोमीटर दूर उतरेगा। वहीं से ग्रेस नाम का ड्रोन छोटे-छोटे छलांग लगाते हुए एक 65 फीट गहरे गड्ढे में पहुंचेंगे, जहां कभी सूरज की रोशनी नहीं पड़ती है।

# देश खतरे में, अराजकता हमारी अपनी ही बनाई हुई बांग्लादेश के सेना प्रमुख की यूनुस सरकार को दो-टूक

**ढाका ।** बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वाकर-उज-जमान ने देश में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक उथल-पुथल के कारण हालात और खराब होते जा रहे हैं। एक सैन्य कार्यक्रम में जनरल जमान ने कहा, 'जो अराजकता हमने देखी है, वह हमारी खुद की बनाई हुई है।' उन्होंने पुलिस बल की अक्षमता पर भी सवाल उठाए और बताया कि कई अधिकारी डर में जी रहे हैं, क्योंकि उनके साथी या तो जेल में हैं या उन पर मुकदमे चल रहे हैं।



## बांग्लादेश की संप्रभुता पर खतरा'

सेना प्रमुख ने कहा कि देश में राष्ट्रीय एकता और अनुशासन की सख्त जरूरत है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर समाज में झगड़े और खून-खराबा जारी रहा तो देश की स्वतंत्रता और अखंडता खतरे में पड़ सकती है। उन्होंने कहा, 'अगर आप आपसी मतभेद भुलाकर एक नहीं हुए और एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहे, तो देश का अस्तित्व संकट में पड़ जाएगा।'

## ऑपरेशन 'डेविल हंट' में 8,600 गिरफ्तार

बीते कुछ महीनों में बांग्लादेश में हिंसा, तोड़फोड़ और दंगे बढ़ गए हैं। फरवरी में हालात इतने खराब हो गए थे कि सुरक्षा बलों को ऑपरेशन डेविल हंट नाम से एक बड़ा अभियान चलाना पड़ा। इसमें 8,600 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया। अंतरिम सरकार का कहना है कि ये लोग देश को अस्थिर करने की कोशिश कर रहे थे।

**हसीना सरकार के पतन के बाद सेना को मिले विशेष अधिकार :** पिछले अगस्त में छात्र आंदोलन के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता छोड़नी पड़ी थी, जिसके बाद सेना को पुलिस जैसी गिरफ्तारी और न्यायिक शक्तियां मिल गई थीं। इस दौरान सेना पर गायब करने, हत्या और यातना के आरोप भी लगे। जनरल जमान ने कहा कि इन आरोपों की जांच जरूरी है और दोषियों को सजा मिलनी चाहिए, 'नहीं तो हम फिर से उसी चक्र में फंस जाएंगे।'

## अंतरिम सरकार और चुनाव पर बयान

सेना प्रमुख ने लोगों से नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार का समर्थन करने की अपील की। उन्होंने बताया कि आगामी चुनाव 2025 के अंत या 2026 की शुरूआत में कराए जाएंगे। इस बीच, छात्र आंदोलन के प्रमुख नेता नाहिद इस्लाम ने अंतरिम सरकार से इस्तीफा दे दिया है।

# ट्रंप कैबिनेट की पहली बैठक, ताइवान पर बोलने से बचते दिखे अमेरिकी राष्ट्रपति

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कैबिनेट बैठक के दौरान यह साफ कर दिया कि वह यह नहीं बताएंगे कि उनका प्रशासन चीन को ताइवान पर कब्जा करने से रोकने के लिए क्या कदम उठाएगा। जब पत्रकारों ने उनसे इस बारे में सवाल किया, तो उन्होंने कहा, 'मैं इस पर कभी टिप्पणी नहीं करता झ मैं कुछ भी नहीं कहता, क्योंकि मैं खुद को ऐसी स्थिति में नहीं डालना चाहता।'



## चीन ने अमेरिका पर लगाया आरोप


अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस बयान के बाद चीन ने अमेरिका पर ताइवान के मुद्दे पर अपनी नीति में गंभीर बदलाव करने का आरोप लगाया। हाल ही में अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट से हम ताइवान की स्वतंत्रता का समर्थन नहीं करते वाला वाक्य हटा दिया, जिससे चीन नाराज हो गया। हालांकि, ट्रंप ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से अपने बेहतरीन संबंध होने की बात कही और कहा कि हम चीन के साथ अच्छे रिश्ते बनाए रखेंगे, लेकिन वह हम पर हावी नहीं हो सकेगा

इसी बीच, चीन की सेना ने अमेरिका पर ताइवान जलडमरूमध्य में खतरनाक गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया है। दरअसल, 12 फरवरी को अमेरिकी नौसेना के दो युद्धपोत ताइवान स्ट्रेट से गुजरे थे। चीन की सेना ने इसे गलत संदेश करार दिया और कहा कि इससे क्षेत्र की सुरक्षा को खतरा बढ़ेगा।

डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद यह पहली बार था जब अमेरिकी नौसेना ने ताइवान स्ट्रेट से इस तरह की गश्त की। यह मुद्दा अमेरिका और चीन के बीच लंबे समय से तनाव का कारण बना हुआ है, और आने वाले दिनों में इस पर और बयानबाजी हो सकती है।

# यूएन में भारत ने पाकिस्तान को फिर लताड़ा कहा- अंतरराष्ट्रीय दान पर जिंदा पड़ोसी

**जिनेवा ।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 58वें सत्र की सातवीं बैठक में भारत ने पाकिस्तान पर तीखी प्रतिक्रिया दी। भारत ने कहा कि पाकिस्तान एक असफल राष्ट्र है जो अंतरराष्ट्रीय सहायता पर निर्भर रहता है और आतंकवाद फैलाने के लिए अपने सैन्य-आतंकवादी नेटवर्क का इस्तेमाल करता है।



## पाकिस्तान पर भड़के क्षितिज त्यागी

बैठक में भारत के स्थायी मिशन के अधिकारी क्षितिज त्यागी ने कहा कि यह देखना दुखद है कि पाकिस्तान अपने सैन्य-आतंकवादी जाल द्वारा फैलाए गए झूठ को जारी रखता है और ओआईसी (ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन) को अपना मुखपत्र बना कर उसका मजाक उड़ा रहा है। पाकिस्तान लोकतांत्रिक मूल्यों का उल्लघंन कर रहा त्यागी ने पाकिस्तान से कहा कि उसे भारत के खिलाफ अपने अस्वस्थ जुनून से उबर कर अपने नागरिकों के हितों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवाधिकारों का उल्लंघन करता है और आतंकवादियों को पनाह देता है, ऐसे में वह किसी को उपदेश देने की स्थिति में नहीं है। जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर भी बोले त्यागी साथ ही त्यागी ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के बारे में कहा कि ये क्षेत्र हमेशा भारत का अभिन्न हिस्सा रहेंगे। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में पिछले कुछ वर्षों में अभूतपूर्व राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक प्रगति हुई है।

# भारत का विकास मॉडल दक्षिण अफ्रीका के लिए आदर्श

**वॉशिंगटन ।** भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ अनंत नागेश्वरन ने मंगलवार को इंडिया बिजनेस फोरम द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें दक्षिण अफ्रीका में निवेश



जोहान्सबर्ग में आयोजित एक सेमिनार में कहा कि भारत के विकास संबंधी अनुभव अन्य देशों के लिए आदर्श हो सकते हैं। यह सेमिनार भारतीय उच्चायोग, महावाणिज्य दूतावास और सीआईआई करने वाली 150 से अधिक भारतीय कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल थे। नागेश्वरन ने कहा कि भारत सबसे बड़ी आबादी वाला लोकतांत्रिक देश है, जो खुद को एक विकसित राष्ट्र में बदलने की कोशिश कर रहा है।

# युद्ध विराम का पहला चरण पूरा हमास ने चार बंधकों के शव सौंपे

**गाजा ।** गाजा पट्टी में युद्ध विराम के पहले चरण के समाप्त होने से कुछ दिन पहले, हमास ने सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में रेड क्रॉस को चार मृत बंधकों के शव सौंपे। इस्राइल सुरक्षा अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की, और शवों को मिस्र के मध्यस्थों के माध्यम से इस्राइल भेजा गया, जहां उनकी पहचान प्रक्रिया शुरू कर दी गई। इसी दौरान, रेड क्रॉस का काफिला इस्राइल की ओफर जेल से रिहा किए गए दर्जनों फलस्तीनी कैदियों के साथ निकलता हुआ दिखाई दिया। कैदियों के परिवार और समर्थक बस के पहुंचने का इंतजार कर रहे थे।



हालांकि, इस्राइल ने हमास द्वारा बंधकों के साथ क्रूर व्यवहार के खिलाफ शनिवार से फलस्तीनी कैदियों की रिहाई में देरी की थी। हमास ने इसे युद्ध विराम का उल्लंघन कहा और चेतावनी दी कि जब तक फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा नहीं किया जाता, तब तक दूसरे चरण पर बातचीत नहीं की जाएगी। वहीं प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि शवों की रिहाई बिना किसी सार्वजनिक समारोह के की जाएगी, जबकि हमास पहले शवों की रिहाई के समय बड़े समारोहों का आयोजन करता था। इस्राइल और अन्य अधिकारियों ने इसे अपमानजनक माना था। इस दौरान, सैकड़ों फलस्तीनी कैदी जिन्हें 7 अक्टूबर के हमले के बाद हिरासत में लिया गया था।

# पहले शेख हसीना अब यूनुस के खिलाफ छात्र समूह, कल नई पार्टी की होगी लॉन्चिंग

**ढाका ।** बांग्लादेश में जिस छात्र समूह ने पिछले साल अगस्त में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हटाने के लिए आंदोलन किया था, वह इस शुक्रवार को एक नया राजनीतिक दल शुरू करने जा रहा है। इस समूह के आयोजकों का कहना है कि उनका उद्देश्य नए बांग्लादेश की आकांक्षाओं को पूरा करना है। यह पार्टी राजधानी ढाका में संसद भवन के दक्षिण में मौजूद माणिक मिया एवेन्यू से एक भव्य रैली के साथ अपनी यात्रा शुरू करेगी।

जातिओ नागोरिक समिति की प्रवक्ता सामंता शेरमीन ने कहा कि पिछले साल जुलाई 2024 में हुए जन आंदोलन के बाद बांग्लादेश में नई उम्मीदें और सपने जन्मे हैं। इन आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए छात्रों ने एक नया राजनीतिक दल



बनाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने महसूस किया है कि वर्तमान राजनीतिक दलों की विचारधारा पूरे बांग्लादेश की जनता का सही प्रतिनिधित्व नहीं करती। उनका उद्देश्य बांग्लादेश को एक आधुनिक और महत्वपूर्ण देश बनाना है, जो दक्षिण एशिया और वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना सके।

**राज्य दमन और बर्बाद संस्थान** :सामंता शेरमीन ने यह भी कहा कि पिछले 53 वर्षों से बांग्लादेश राज्य दमन का शिकार रहा है और सरकारी संस्थानों का दुरुपयोग किया गया है। उन्होंने कहा, 'राजनीतिक और व्यक्तिगत स्वार्थों के लिए सरकारी

> **इससे पहले इस समूह के प्रमुख नेताओं में से एक, नाहिद इस्लाम, नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार से इस्तीफा देकर इस नए राजनीतिक दल का नेतृत्व करेंगे।**

संस्थानों को नष्ट कर दिया गया है। हम मानते हैं कि बांग्लादेश के लोगों के कुछ बुनियादी अधिकार हैं और हमारा राजनीतिक आंदोलन इन अधिकारों के आधार पर आगे बढ़ेगा। हम अधिकार-आधारित राजनीति, सेवा राजनीति और घोषणापत्र आधारित राजनीति की बात कर रहे हैं, जिसमें सभी को साथ लेकर चला जाएगा।' अगस्त 2024 का छात्र आंदोलन और हसीना सरकार का पतन अगस्त 2024 में हुए छात्र आंदोलन ने तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से बेदखल कर दिया था। हफ्तों तक चले विरोध प्रदर्शन और हिंसा के कारण 1,400 लोगों की मौत होने का अनुमान है, जैसा कि संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में बताया गया है। शेख हसीना, जो 76 साल की थीं, भारत चलीं गईं, और उसके बाद एक अंतरिम सरकार बनी, जिसका नेतृत्व नोबेल विजेता मोहम्मद यूनुस कर रहे हैं। सामंता शेरमीन ने कहा कि डॉ. यूनुस किसी भी राजनीतिक दल जैसे जमात-ए-इस्लामी या बीएनपी का प्रतिनिधित्व नहीं करते।

# चीनी कंपनी ने कर्मियों को दिया शादी का नोटिस लिया वापस, सितंबर तक विवाह न करने पर दी थी ये धमकी

**बीजिंग ।** चीनी कंपनी शंटियन केमिकल ग्रुप ने अपने कर्मचारियों को शादी करने का अल्टीमेटम दिया और कहा कि शादी न करने पर उन्हें नौकरी से हाथ धोना पड़ सकता है। इस नीति के बाद कंपनी की आलोचना हुई क्योंकि उसने सितंबर तक शादी न करने वाले सिंगल और तलाकशुदा कर्मियों को बर्खास्त करने की धमकी दी।

इस साल जनवरी के महीने में शंटियन केमिकल ग्रुप ने 28 से 58 वर्ष आयु के कर्मियों के लिए नीति रखी कि कुंवारे कर्मचारी सितंबर तक शादी करें और घर बसा लें। जो मार्च तक अविवाहित रहेंगे, उन्हें अपनी निंदा का पत्र लिखकर देना होगा। जो व्यक्ति जून तक शादी नहीं करता है उसका मूल्यांकन किया जाएगा और अगर वह सितंबर तक शादी नहीं करता है तो उसे नौकरी से निकाल दिया जाएगा। बाद में चीनी मानवाधिकार व सामाजिक सुरक्षा ब्यूरो ने मामले में दखल दिया और



> **शेडोंग के इस ग्रुप ने आलोचनाओं व आक्रोश तथा सरकारी दखल के बाद आदेश वापस ले लिया है**

कंपनी को नोटिस रद्द करना पड़ा।

## चीनी घरों में घुसा डीपसीक उन्माद

चीन में डीपसीक और आगे बढ़ते हुए टीवी, फ्रिज और रोबोट वैक्यूम क्लीनर तक फैल गया है। कई होम अप्लायंस ब्रांड्स ने घोषणा की है कि उनके उत्पादों में इस स्टार्टअप के एआई मॉडल होंगे।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में उद्योग बंधु की बैठक आयोजित

## उद्योग बंधुओं की समस्याओं का निराकरण पूर्ण गुणवत्ता एवं स्थायी समाधान के साथ किया जाए : जिलाधिकारी

● नई शिकायतों की जांच करते हुए सम्बंधित द्वारा स्थलीय निरीक्षण कराया जाएं और शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु कार्यवाही की जाये- डीएम दीपक मीणा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की बैठक आयोजित हुई।

बैठक का संचालन करते हुए जी0एम0डी0आई0सी0 श्रीनाथ पासवान द्वारा पूर्व की बैठकों में प्राप्त 23 प्रकरणों/विषयों पर लिये गये निर्णय के सापेक्ष हुई कार्यवाही व अनुपालन आख्या/अद्यतन प्रगति से जिलाधिकारी व बैठक में उपस्थित गणमान्यों को अवगत कराया। इसके साथ ईज ऑफ डूईंग बिजनेस के अन्तर्गत ऑनलाईन संचालित निवेश मित्र पोर्टल पर समय सीमा लम्बित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की गयी। इसके साथ ही वर्तमान की बैठक हेतु प्राप्त 5 प्रकरण रखे गये। जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा निर्देशित किया गया।

पूर्व बैठकों में प्राप्त प्रकरणों में बी0एस0रोड इण्ड0 साइट–1, गाजियाबाद में फायर स्टेशन के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि सी0एफ0ओ0, यूपीसीडा सहित संबंधित गणमान्य फाइल पूर्ण कर समय निर्धारित कर उक्त प्रकरण के निराकरण हेतु मेरे कार्यालय में बैठक रखें। साहिबाबाद इण्ड0 एसो0 साहिबाबाद में नाले के ऊपर पुलिया बनाने के प्रकरण में सम्बंधित अधिकारी द्वारा 15 मार्च तक कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

ई0एस0आई0सी गाजियाबाद को दिये निर्देशों के क्रम में उनके द्वारा उपलब्ध संसाधन, मैनपावर, ड्यूटी टाईम आदि का विस्तृत विवरण जमा कराया गया। इण्डस्ट्रीयल एसो0 ऑफ एमएसएमई, लोनी में पुलिया निर्माण के सम्बंध में जीडीए अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि दिल्ली जल बोर्ड निगम से एन0ओ0सी प्राप्त की जानी है, इसके लिए रिमाइंडर भी भेजे गये हैं, एनओसी प्राप्त होने के उपरांत की कोई कार्यवाही की जायेगी। इण्डस्ट्रीयल एसो0 ऑफ एमएसएमई, लोनी में फायर स्टेशन निर्माण के सम्बंध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि आगामी सप्ताह तक ऐस्टीमेट तैयार कर डीएफओ, यूपीसीडा व अन्य सम्बंधित गणमान्य समय निर्धारित करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पर समस्या के निस्तारण के लिए मीटिंग करेंगे। इंडियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन मोदीनगर में सड़क निर्माण के सम्बंध में अधिकारी ने अवगत कराया कि निविदा आमंत्रित की जा चुकी है, स्वीकृति हेतु जिला पंचायत अध्यक्षा को प्रेषित की गयी है। स्वीकृति प्राप्त होने पर कार्य प्रारम्भ किया जायेगा। इण्डस्ट्रीयल एसो0 ऑफ एमएसएमई, लोनी में सीवर व नाली के पानी के निकासी के सम्बंध में सम्बंधित द्वारा अवगत कराया कि स्थायी निदान हेतु ज्यादा एमएलडी क्षमता का नया प्लांट बनाने पर कार्यवाही चल रही है।

### शिकायत की गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की कार्यवाही करें अधिकारी : दीपक मीणा

**करंट क्राइम।** जिलाधिकारी दीपक मीणा ने निर्देशित किया कि शिकायत प्राप्त होते ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें सम्बंधित अधिकारी। इण्डस्ट्रीयल एसो0 ऑफ एमएसएमई, लोनी में निर्मित पानी की टंकियों में पानी उपलब्ध कराने हेतु जिलाधिकारी ने कहा कि सम्बंधित अधिकारीगण पूर्ण विवरण के साथ जल्द मीटिंग करें, जिससे समस्या का निराकरण किया जा सके। इसके साथ ही इंडस्ट्रियल एसोसिएशन साहिबाबाद इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन दुहाई, लोनी एस्टेट इंड. एरिया संगठन लोनी, अमृत स्टील कंपाउंड गाजियाबाद, साउथ साइड ऑफ जीटी रोड इंडस्ट्री एरिया गाजियाबाद, हर्षा कंपाउंड इंड. एरिया एसोसिएशन लोनी रोड, लोनी एस्टेट इंड. एरिया एसोसिएशन लोनी, यंग रूलर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन लोनी, एस.एस.जी.टी. रोड इंडस्ट्रियल एरिया एसोसिएशन गाजियाबाद, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन दुहाई की एवं नई प्राप्त शिकायतों के सम्बंध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन शिकायतों का निस्तारण आपसी समन्वय बनाकर किया जा सकता है वह त्वरित कार्यवाही करते हुए करें। साथ ही जो शिकायतों को निस्तारण जिलाधिकारी स्तर पर किया जाना है उसके लिए शीघ्र फाइल बनाकर सम्बंधित अधिकारियों के साथ मेरी मीटिंग करायी जाएं। प्राप्त नई शिकायतों की जांच करते हुए सम्बंधित द्वारा स्थलीय निरीक्षण कराया जाएं और शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु कार्यवाही की जाये। बैठक में सम्बंधित अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में उद्योग बंधु उपस्थित रहे।

# अतुल गर्ग के सानिध्य में गोवा टूर पर जाना हमारा सौभाग्य : संजीव गुप्ता

## गोवा टूर के आयोजन से बढ़ेगी आपसी आत्मीयता और जनप्रतिनिधियों की लोकप्रियता





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग के प्रयासों से एक मार्च को हिंडन एयरपोर्ट से गोवा को जाने वाली पहली फ्लाइट उड़ान भरेगी और इस उपलब्धि को यादगार बनाने के लिए सांसद टीम ने गाजियाबाद से गोवा का एक बहुत ही रोचक टूर बनाया है। जिसमें सांसद अतुल गर्ग के सानिध्य में गाजियाबाद के जनप्रतिनिधि, भाजपा संगठन के पदाधिकारी, व्यापारियों और गणमान्य लोगों के साथ समरकूल ग्रुप के चेयरमैन और महानगर भाजपा के कोषाध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता भी चार दिवसीय इस टूर में भाग ले रहे हैं। इस गोवा टूर पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए संजीव गुप्ता का कहना है कि, गाजियाबाद हिंडन एयरपोर्ट से घरेलू उड़ान शुरू कराकर हमारे सांसद और बड़े भाई अतुल गर्ग ने हमें एक बहुत बड़ी सौगात दी है। जिसका हमें आने वाले दिनों में बहुत बड़ा लाभ मिलेगा।

### सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल मेदी वालों ने टूर को बनाया है बहुत ही रोचक और व्यवस्थित




**करंट क्राइम।** पहली उड़ान पर गोवा का यह टूर यादगार और बहुत ही रोचक और अपनेपन से भरपूर रहेगा। इस टूर के आयोजन में सांसद की टीम और विशेष रूप से उनके प्रतिनिधि भाई राजेन्द्र मित्तल मेदी वालों का बहुत ही सराहनीय प्रयास देखने को मिला रहा है। क्योंकि जिस तरह से अभी तक सभी व्यवस्थायें चुस्त दुरूस्त चल रही हैं। यह आभास कराता है कि गोवा का यह टूर एक यादगार और ऐतिहासिक टूर साबित होगा। जिसमें पहली बार जिले के अधिकांश जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग एक साथ रहेंगे। तो बहुत सी साकारात्मक चीजें निकलकर आयेगी। संजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि मैं इस अभूतपूर्व टूर के आयोजन हेतु सांसद अतुल गर्ग का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ और मेरी ओर से गोवा टूर के सभी प्रतिभागियों को पूर्व में ही बहुत बहुत शुभकामनाएं।

# उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या डॉ. मीनाक्षी भराला ने की जनसुनवाई





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, लखनऊ की सदस्या डॉ0 मीनाक्षी भराला के द्वारा लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस, नया बस अड्डा गाजियाबाद के निरीक्षण भवन में जनपद के अधिकारियों के साथ परिचय बैठक एवं महिला जनसुनवाई व सम्बंधित विभागों की योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में मुख्य रूप से एडीसीपी क्राइम श्री सच्चिदानन्द, उप मुख्य चिकित्साधिकारी अनुराग, बीएसए ओपी यादव, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी, अपर पुलिस आयुक्त श्वेता, महिला थाना प्रभारी ऋतु सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण करते हुए किया पुष्टाहार वितरित



करंट क्राइम। जनसुनवाई कार्यक्रम में 19 महिलाओं की शिकायतों पर जनसुनवाई की गयी। जिसमें 6 प्रकरणों में सदस्या द्वारा सीधे विभागाध्यक्षों से वार्ता करते हुए शिकायतों के शीघ्र निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया। अन्य मामलों में सम्बंधित विभागों को शिकायतों का त्वरित निस्तारण कर आख्या महिला आयोग उ0प्र0 लखनऊ को प्रेषित करने हेतु निर्देश दिए। तदोपरांत सदस्या द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र ग्राम करहेड़ा का निरीक्षण करते हुए पुष्टाहार वितरित किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर उपस्थित रहे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैंने चुपके से मारी पार्षदों के ग्रुप पर नजर? कुछ क्रान्तिकारी चर्चाएं चल रही थी उधर? कह रहे थे हम तो बस कर रहे हैं बोर्ड बैठक का इंतजार? भर रखा है हमने अपने अंदर बहुत ज्यादा गुब्बार? समस्याओं के अंबार ने किया हुआ है हमको परेशान? सच बता रहे हैं उस दिन फट पड़ेंगे? जिस दिन बोर्ड की बैठक होगी श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इसमें तो कोई शक ही नहीं है कि सांसद अतुल गर्ग और विधायक संजीव शर्मा के बीच में है गजब का तालमेल? आजकल दोनों खूब साथ में खेल रहे हैं राजनीति और विकास वाले खेल? मगर हम देख रहे हैं कि गर्ग साहब का अभी तक नहीं लगा है हैवीवेट वालों के साथ नदिया पार में प्रोग्राम? ऐसी कोई भी तस्वीर हमारे सामने अभी तक नहीं आई है, जिसमें साहिबाबाद के मंच पर एक साथ दोनों चेहरे हो रहे हों विराजमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि शेर की दहाड़ देखकर ली इस पार वालों के समर्थकों ने चुटकी? कहा ये जंगल का नहीं रिंग मास्टर का है शेर? जो होर्डिंग पर दहाड़ता हुआ नजर आ रहा है, उसे तो हम कभी भी कर देंगे फेल? हमारे सामने तो है सबसे बड़ी हैवीवेट वालों के रूप में चुनौती? उनसे कैसे पार खाना है इस बारे में हम सोच नहीं पा रहे हैं यार? रिंग के मास्टर की तरह हम शेर को तो काबू कर सकते हैं? फिलहाल हैवीवेट वाले हैं इस वक्त हमारे काबू से बाहर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं था जनप्रतिनिधियों की बैठक में मौजूद? सबकी बातों के बीच में मुझे सुनाई दे रहा था जनपद के एक आईएएस के शक्तिशाली होने का वजूद? चर्चाओं में जनप्रतिनिधि करा रहे थे इनकी ताकत का एहसास? कह रहे थे इनका तोड़ फिलहाल नहीं है हमारे पास? ताकत के मामले में ये दूसरे अधिकारियों से चल रहे हैं सबसे आगे? सुना है शासन के एक अधिकारी से इनके जुड़े हुए हैं पहले से ही मजबूत धागे?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इससे ज्यादा तो बजरंगी भैया डागर पहले वाले सांसद के कार्यकाल में ही थे एक्टिव? अपनी शक्ति दिखाने को वो करते तो थे तमाम तरह के धार्मिक और समाजिक काम? लेकिन जैसे ही अब स्थानीय सांसद आये हैं? तब से हम देख रहे हैं बजरंगी भैया ने दे दिया है खुद को आराम? नगर निगम से लेकर राजनीतिक गतिविधियों से वो हो चुके हैं पूरी तरह गायब? क्या काम धंधें में लगा लिया है उन्होंने ध्यान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे पार्टी कार्यालय पर मौजूद? यहां पर चर्चाओं में सुनाई दे रहा था हमें स्टार दीदी का वजूद? कहने वाले कह रहे थे कि स्टार दीदी के तेवर हैं बड़े जोरदार? वो किसी के काबू में नहीं आतीं? जब उन पर हो जाता है गुस्सा सवार? हम चाहते हैं ऐसे चेहरे को मिलनी चाहिए नगर निगम में एन्ट्री? उनके तेवर से कम से कम बैकफुट पर आयेंगे अधिकारी और क्षेत्र की जनता का होगा बेड़ा पार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि खसरा–खतौनी वाले क्रान्तिकारी त्यागी जी ने कर ली है अवैध निर्माण को लेकर अगली भूमिका तैयार? सुना है सोची समझी रणनीति से उन्होंने नगर निगम में दर्ज करा दिया है मुद्दा? अब इस मुद्दे के बाद वो हो गये हैं पूरी तरह तैयार? सुना है अब उनके प्रिय विधायक विधानसभा सत्र में उठायेंगे अवैध कब्जों की आवाज? बस अभी तक इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हुई है? इसलिए खामोश है उनकी आवाज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि शहर विधानसभा से चुनाव लड़ने की अभी से कर ली है एक बड़े वैश्य चेहरे ने तैयारी? ये वैश्य चेहरे वो हैं जिन्होंने आज से पहले कभी नहीं की है शहर सीट से दावेदारी? पता चला है इन चेहरे का बहुत ही मजबूत है पारिवारिक इतिहास? जिस दिन ये खुल कर खेलेंगे पारी? उस दिन कईयों के होश उड़ जायेंगे साहब? व्यवहार से लेकर हर चीज में हैं ये सक्षम? इनकी दावेदारी कईयों के अरमानों को कर देगी अक्षम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम यूं ही नहीं भर रहे हैं बातों का पर्चा? दिल्ली के राष्ट्रीय कार्यालय पर हो रही थी गाजियाबाद से किसी महिला चेहरे को अध्यक्ष बनाने की चर्चा? कहने वाले कह रहे थे जब से ये संदेश हुआ है दिल्ली से जारी? तब से गाजियाबाद की भगवा बहनों ने शुरू कर दी है अपनी तैयारी? करने लगी हैं वो पार्टी के प्रमुख चेहरों से मुलाकात? जिन बहनों को नहीं है ये जानकारी? उनको ये सवाल अब दे सकता है लाभ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि विधायक जी की हुई थी बाबा से पूरे 21 मिनट की मुलाकात? इस मुलाकात में खुलकर रखी थी विधायक जी ने अपने मन की बात? सुना है उनकी मन की बात पर भविष्य में दिखाई देने वाले हैं काम? होने वाला है उनकी किसी बड़ी डिमांड का समाधान? कहने वाले ने कहा अब इससे ज्यादा मत बुलवाओ? हमने उन दीवारों से सुना है, जिनके होते हैं कान?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# सुल्लामल रामलीला के उम्मीदवारों ने की सांसद अतुल गर्ग और मेयर सुनीता दयाल से मुलाकात





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सांसद अतुल गर्ग के आवास पर गुरुवार को सुल्लामल रामलीला कमेटी घंटाघर में चल रहे चुनाव को लेकर चुनावी पैनल के साथ राम लीला के वरिष्ठ सदस्य मिले। तथा उनसे उनके चचेरे भाई राम गर्ग के लिए वोट मांगी। उसके बाद महापौर गाजियाबाद सुनीता दयाल के पास भी गए तथा उनके पति मधुसूदन दयाल के लिए वोट मांगी। दोनों जनप्रतिनिधियों ने वोट और सपोर्ट दोनों देने के लिए कहा। वोट मांगने वालों में चुनावी पैनल अध्यक्ष पद के लिए लड़ रहे सुभाष गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव मित्तल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल चौधरी, महामंत्री नरेश अग्रवाल, मंत्री दिनेश शर्मा बबबे, कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल मोनू, लेखा परीक्षक रविंद्र मित्तल के अलावा निवर्तमान अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार वीरों, ज्ञान प्रकाश गोयल, कर सलाहकार विनय सिंघल, नरेंद्र गोगिया, तरनजीत सिंह राजू ,विपिन गर्ग ,मोहित मित्तल आदि लोग मिले।

# दूधेश्वर नाथ मंदिर में धूमधाम से मनाया गया महाशिवरात्रि का पर्व : अजय गुप्ता

## डीसीपी महानगर जोन राजेश कुमार ने संभाली कमान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** फागुन मास की महाशिवरात्रि पर दूधेश्वर नाथ मंदिर में लाखों श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल चढ़ाकर किया अभिषेक। श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना हो,प्रशासन ने सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए। महानगर जोन डीसीपी राजेश कुमार एवं उनकी समस्त टीम ने कमान संभाल रखी थी। असामाजिक तत्वों पर पूरा ध्यान केंद्रित रहा कि किसी श्रद्धालुओं के साथ कोई अप्रिय घटना ना हो। मंदिर के अंदर खुद भगवान दूधेश्वर नाथ मंदिर के मठ महंत नारायण गिरी अतिथियों का स्वागत सत्कार करते दिखाई दिए। मंदिर के कार्यकर्ता अजय चोपड़ा भी तत्परता से लगे हुए थे। महाशिवरात्रि का पर्व बड़े हर्ष उल्लास के साथ संपन्न होने पर,महानगर के निवासियों ने प्रशासन के सभी कर्मियों को दिल की गहराइयों के साथ उनका अभिनंदन किया और शुभकामनाएं दीं।

# नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने की कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम की यूनियन के पदाधिकारी गण द्वारा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के साथ बैठक की गई। निगम हित तथा कर्मचारियों के हित में चल रहे कार्यों की सरहाना की गई। बैठक में अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, प्रभारी अधिष्ठान पल्लवी सिंह उपस्थित रही। यूनियन की टीम द्वारा कर्मचारियों के ट्रांसफर, कर्मचारियों की नियुक्ति पदोन्नति तथा अनेक बिंदुओं पर नगर आयुक्त से चर्चा की गई तथा समय से हो रहे कार्यों के लिए धन्यवाद भी किया गया।

बैठक में गाजियाबाद नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रविंद्र, उपाध्यक्ष संजय शर्मा, महामंत्री नितिन भारद्वाज, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रदीप तथा राजीव व अन्य टीम द्वारा, सफाई मित्रों वाहन चालकों मालियों प्रकाश विभाग के कर्मचारी तथा जल कल विभाग के कर्मचारी की टीम के साथ समय-समय पर बैठक बुलाई जाने का अनुरोध किया गया जिस पर नगर आयुक्त ने रोस्टर के क्रम में बैठक करने के निर्देश टीम को दिए गए उपस्थित जनों ने नगर आयुक्त का धन्यवाद किया।

### मृतक आश्रितों की नियुक्ति, मेडिकल भुगतान तथा रिटायर कर्मचारियों की देयता निगम की प्राथमिकता : नगर आयुक्त

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त ने कहा कि गाजियाबाद नगर निगम में कार्य कर रहे सभी कर्मचारियों का समय से वेतन का भुगतान, मृतक आश्रितों की नियुक्ति, मेडिकल भुगतान तथा रिटायर हुए कर्मचारियों की देयता का भुगतान निगम की प्राथमिकता है जिसके क्रम में न केवल पुराने मामलों को सुलझाया गया है बल्कि वर्तमान में चल रही कार्य प्रणाली को सुदृढ़ किया गया है, इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा संबंधित समस्त विभागीय अधिकारियों को भी गाजियाबाद नगर निगम के सभी कर्मचारियों के हितों में नियम अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

# खुले में शराब पीने वाले 3 घंटे के विशेष अभियान में 452 लोग गिरफ्तार, मेडिकल जांच के बाद किया चालान



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पुलिस ने खुले में शराब पीने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने शहर जोन, देहात जोन और ट्रांस हिंडन जोन में एक विशेष अभियान चलाया। इस तीन घंटे के अभियान में 452 लोगों को सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते हुए गिरफ्तार किया गया। पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि जिले के कई इलाकों में लोग खुलेआम सड़क पर शराब पीते हैं। इससे आने-जाने वालों को परेशानी होती थी। सभी गिरफ्तार लोगों को थाने लाया गया। मेडिकल जांच के बाद 34 पुलिस एक्ट के तहत इनका चालान किया गया। शहर जोन के डीसीपी राजेश कुमार ने बताया कि उनके क्षेत्र में 196 लोगों को पकड़ा गया। इनमें कोतवाली नगर से 42, विजयनगर से 34, सिहानी गेट से 13, नंदग्राम से 58, कवि नगर से 25 और मधुबन बापूधाम से 24 लोग शामिल हैं। ट्रांस हिंडन जोन के डीसीपी निमिष पाटिल के अनुसार, उनके क्षेत्र में 122 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें थाना इंदिरापुरम से 18, कौशांबी से 35, खोड़ा से 8, लिंक रोड से 26, शालीमार गार्डन से 15 और टीला मोड़ से 20 लोग शामिल हैं। गाजियाबाद पुलिस पिछले एक महीने से यह अभियान चला रही है। इस विशेष अभियान में सभी एसीपी, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी शामिल रहे। अभियान सड़क किनारे, शराब की दुकानों के आसपास और सार्वजनिक स्थानों पर चलाया गया। डीसीपी रुरल सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया इसी तरीके से इस 3 घंटे के अभियान में देहात जोन में पुलिस ने 134 लोगों को पकड़ा। जिसमें से थाना लोनी में 12 ट्रोनिका सिटी में 11 अंकुर विहार में 04 लोनी बॉर्डर में 15 मसूरी में 11 मुरादनगर में 27 मोदीनगर में 02 निवाड़ी में 07 भोजपुर में 09 वेव सिटी में 06 क्रॉसिंग रिपब्लिक में 30 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Brijeshwar Neemi
3h ·

आज मेरे मँझले बेटे अनुज नीमी और पुत्रवधू आशा की वैवाहिक वर्षगांठ है,भगवान इस युगल जोड़ी को सदा स्वस्थ और खुशहाल रखे.मेरी तरफ से ढेर सारा आशीर्वाद.



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पुत्र और पुत्रवधु के सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना करते हुए बृजेश्वर नीमी ने अपने मझले बेटे अनुज और पुत्रवधु आशा को शुभकामनाएं दी ढेर सारा आशीर्वाद दिया। यही सनातन संस्कृति संस्कार है। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# पाकिस्तान-बांग्लादेश मैच रद्द मेजबान बिना जीते बाहर

## रावलपिंडी में लगातार दूसरा मुकाबला बेनतीजा रहा, फैंस निराश होकर लौटे



**रावलपिंडी।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पाकिस्तान और बांग्लादेश मैच बारिश के कारण रद्द हो गया है। मेजबान पाकिस्तान टूनार्मेंट में बिना जीत के बाहर हो गई।

गुरुवार को रावलपिंडी में रुक-रुककर बारिश होती रही। ऐसे में मैच रेफरी ने इसे रद्द करने का फैसला लिया। दोनों टीमों को एक-एक अंक दिया गया। यह दोनों का आखिरी ग्रुप मुकाबला था। पाकिस्तान को पहले मैच में न्यूजीलैंड और दूसरे में भारत ने हराया था। वहीं, बांग्लादेश को पहले मुकाबले में भारत और दूसरे में न्यूजीलैंड से हार का सामना करना पड़ा।

# जीत की हैट्रिक के साथ टॉप पर पहुंची मुंबई इंडियंस, आरसीबी को बड़ा झटका

**मुंबई।** बुधवार को वीमेंस प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस और यूपी वॉरियर्ज की टीमें आमने-सामने थी। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस ने यूपी वॉरियर्ज को आसानी से हरा दिया। इस तरह मुंबई इंडियंस को लगातार तीसरी जीत मिली। वहीं, इस जीत के बाद मुंबई इंडियंस प्वॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गई है। अब मुंबई इंडियंस के 4 मैचों में 6 प्वॉइंट्स हो गए हैं। साथ ही नेट रन रेट 0.780 है। मुंबई इंडियंस को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके बाद हरमनप्रीत कौर की टीम ने गुजरात जॉयंट्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और यूपी वॉरियर्ज को हराया।



### मुंबई इंडियंस की जीत के बाद कितना बदला प्वॉइंट्स टेबल?

वहीं, दिल्ली कैपिटल्स प्वॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर खिसक गई है। दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बराबर 6-6 प्वॉइंट्स हैं, लेकिन मुंबई इंडियंस का नेट रन रेट बेहतर है। मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बाद स्मृति मंधाना की कप्तानी वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर तीसरे नंबर पर काबिज है। दरअसल, इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर दूसरे नंबर पर थी, लेकिन मुंबई इंडियंस की जीत के बाद तीसरे नंबर पर खिसक गई। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के 4 मैचों में 4 प्वॉइंट्स हैं। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर पहले 2 मैच जीते, लेकिन इसके बाद लगातार 2 मैचों में हार का सामना करना पड़ा।

### गुजरात जायंट्स की राहें हुई मुश्किल

यूपी वॉरियर्ज प्वॉइंट्स टेबल में चौथे नंबर पर है। यूपी वॉरियर्ज के 5 मैचों में 4 प्वॉइंट्स हैं। वहीं, इन टीमों के बाद गुजरात जायंट्स का नंबर है। दरअसल, अब तक पहले 4 मैचों में गुजरात जायंट्स को महज 1 जीत मिली है। गुजरात जायंट्स 4 मैचों में 2 प्वॉइंट्स के साथ पांचवें नंबर पर काबिज है। अब तक गुजरात जायंट्स को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, मुबंई इंडियंस इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स ने हराया। जबकि यूपी वॉरियर्ज के खिलाफ गुजरात जायंट्स जीतने में कामयाब रही।

# रियो में अज्ञात शख्स ने अर्जेंटीना के दो फैंस को गोली मारी, रिकोपा सुदामेरिकाना मैच से पहले की घटना



**रिकोपा।** रिकोपा सुदामेरिकाना फाइनल के दूसरे चरण से पहले रियो डी जिनेरियो में अर्जेंटीना के दो फुटबॉल प्रशंसकों को गोली मार दी गई। यह मैच मेहमान टीम रेसिंग और स्थानीय बोटाफोगो के बीच खेला जाना है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि बुधवार को दोनों प्रशंसक शहर के पश्चिमी हिस्से में बारा दा तिजुका के क्षेत्र में एक समुद्र तट पर थे जब उन्हें लूट लिया गया और एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें गोली मार दी।

रियो के स्वास्थ्य सचिवालय ने एक बयान में कहा कि पीड़ितों में से एक का मिगुएल कोटो अस्पताल में ऑपरेशन किया जा रहा है और दूसरे की हालत स्थिर है जो लौरेंको जॉर्ज अस्पताल में है। टीवी फुटेज में दिखाया गया कि उनमें से एक को रियो अग्निशमन विभाग के हेलीकॉप्टर से अस्पताल ले जाया गया। रियो पुलिस जांच कर रही है और कहा कि कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। रेकोपा सुदामेरिकाना खिताब कोपा लिबटाडोरेस (बोटाफोगो) और कोपा सुदामेरिकाना (रेसिंग) के विजेताओं के बीच खेला जाता है। पिछले सप्ताह अर्जेंटीना की टीम ने ब्यूनस आयर्स में बोटाफोगो को 2-0 से हराया था। दूसरा चरण गुरुवार को निल्टन सैंटोस स्टेडियम में होगा।

# दहेज उत्पीड़न का शिकार हुई भारतीय मुक्केबाज, पति पर लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली।** अर्जुन पुरस्कार विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन मुक्केबाज स्वीटी बूरा ने एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अपने कबड्डी खिलाड़ी पति दीपक हुड्डा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। स्वीटी ने अपने पति और उनके परिवार पर दहेज के लिए मारपीट करने का आरोप लगाया है।

### दीपक हुड्डा पर लगा दहेज उत्पीड़न का आरोप



दोनों की शादी 2022 में हुई थी। स्वीटी ने हरियाणा के हिसार में अर्जुन पुरस्कार विजेता हुड्डा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। हिसार के महिला थाने की एसएचओ सीमा ने गुरुवार को बताया, 'स्वीटी बूरा द्वारा अपने पति दीपक हुड्डा के खिलाफ दी गई शिकायत के आधार पर 25 फरवरी को एफआईआर दर्ज की गई है।' जब उनसे पूछा गया कि क्या हुड्डा को अपना पक्ष रखने के लिए कहा गया है तो सीमा ने कहा, 'हमने उन्हें दो-तीन बार नोटिस दिया लेकिन वह नहीं आए।'

जब हुड्डा से संपर्क किया तो उन्होंने अपने स्वास्थ्य का हवाला देते हुए अपनी अनुपस्थिति का बचाव किया। उन्होंने कहा कि इस आघात का उनके स्वास्थ्य पर असर पड़ा है। हुड्डा ने कहा, 'मैंने चिकित्सा प्रमाण पत्र जमा कर दिया है और बाद की तारीख मांगी है। मैं निश्चित रूप से वहां (पुलिस थाने) जाऊंगा लेकिन मैं अपनी पत्नी के खिलाफ कोई नकारात्मक टिप्पणी नहीं करूंगा। मुझे उनसे मिलने की अनुमति नहीं दी गई है।' संपर्क किए जाने पर स्वीटी ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। जब हुड्डा के खिलाफ आरोपों के बारे में पूछा गया तो महिला थाने की एसएचओ ने बताया कि ह्यअधिक दहेज के लिएह्न प्रताड़ित करने और मारपीट करने के आरोप लगाए। बूरा द्वारा लगाए गए आरोपों का जिक्र करते हुए सीमा ने कहा, 'एक लग्जरी कार की मांग की गई थी और उसे पूरा भी किया गया लेकिन उसका पति उसे पीटता है, साथ ही पैसों की भी मांग करता है।'

भारतीय न्याय संहिता की धारा 85 के तहत मामला दर्ज किया गया है जो किसी महिला के पति या उसके रिश्तेदार द्वारा उसके साथ क्रूरता करने से संबंधित है। हुड्डा ने रोहतक जिले के महम निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के रूप में 2024 हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ा था।

# चोटिल रोहित शर्मा ने प्रैक्टिस नहीं की: गिल भी शामिल नहीं हुए, 2 मार्च को भारत का न्यूजीलैंड से मुकाबला

**मुंबई।** टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने बुधवार शाम को दुबई में हुए प्रैक्टिस सेशन में भाग नहीं लिया, हालांकि वह टीम के साथ मैदान पर मौजूद रहे। वहीं, वाइस कैप्टन शुभमन गिल की तबियत ठीक नहीं होने के कारण ग्राउंड पर नहीं आए।

हालांकि, टीम इंडिया की ओर से रोहित और गिल को लेकर अभी तक कोई अधिकारिक बयान नहीं आया है।

बुधवार को भारतीय टीम ने प्रैक्टिस की भारत को चैंपियंस ट्रॉफी में आखिरी लीग मैच रविवार यानी 2 मार्च को दुबई के इंटरनेशनल स्टेडियम में खेलना है। टीम इंडिया ने बुधवार रात को ऋइउ अकादमी में फ्लड लाइट में तीन घंटे अभ्यास किया। विराट कोहली ने नेट्स में जमकर प्रैक्टिस की, वहीं मोहम्मद शमी भी पूरी लय में गेंदबाजी करते नजर आए। गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल निजी कारणों से घर जाने के बाद टीम में वापस लौट आए हैं। रोहित को पाकिस्तान के खिलाफ मैच में लगी थी चोट रोहित शर्मा को 23 फरवरी को पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए दूसरे लीग मैच में चोट लग गई थी। वह पाकिस्तान की पारी के दौरान कुछ देर के लिए ड्रेसिंग रूम में चले गए, लेकिन फिर मैदान पर लौट आए। रोहित ने भारत के 242 रनों के सफल पीछा के दौरान बल्लेबाजी भी की, जिसमें उन्होंने 15 गेंदों पर तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 20 रन बनाए। रोहित प्रैक्टिस सेशन के दौरान बाहर से अन्य खिलाड़ियों को बल्लेबाजी करते हुए देखते रहे। ऐसा माना जा रहा है कि वह सावधानी बरत रहे हैं, ताकि 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के तीसरे लीग मैच से पहले उनकी चोट और न बढ़ जाए।




साथ ही वे 4 मार्च को सेमीफाइनल में खेल सकें। अगर भारत फाइनल (9 मार्च) में पहुंचता है तो इसमें भी खेल सकें। न्यूजीलैंड के खिलाफ रोहित कर सकते हैं आराम भारत अपने दो लीग मैच जीत कर पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुका है। ऐसे में रोहित हैमस्ट्रिंग की चोट से उबरने के लिए इस मैच में आराम करें। भारत ने अपने पहले लीग मैच में बांग्लादेश को और दूसरे लीग मैच में पाकिस्तान को हरा कर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया है।

गिल की तबीयत खराब थी गिल की तबीयत खराब है। उम्मीद है कि वे 2 मार्च तक ठीक हो जाएंगे और न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी लीग मुकाबला खेलेंगे। वहीं, बुधवार को ऋषभ पंत ने भी नेट्स पर लंबे समय तक बल्लेबाजी की। उन्हें बुखार था। फिलहाल वे ठीक हो चुके हैं।

# फाइनल में भारत के ही गोकुल कवियरशु व विशाख सुरेंद्र की जोड़ी को 21-17 व 21-18 से हराया

**चिड़ावा।** चिड़ावा सूरजगढ़ क्षेत्र के गांव अगवाना खुर्द के इंटरनेशनल बैडमिंटन खिलाड़ी सचिन झाझड़िया ने युगांडा में हुए जूनियर इंटरनेशनल बैडमिंटन टूनार्मेंट में गोल्ड मेडल जीतकर जिले को गौरवान्वित किया है। उनके खेल कोच मनोज डूडी ने बताया कि सचिन ने छत्तीसगढ के अंगद मुच्छल के साथ फाइनल में भारत के ही गोकुल कवियरशु व विशाख सुरेंद्र की जोड़ी को 21-17 व 21-18 से हराया। सचिन इससे पहले इसी वर्ष बांग्लादेश में हुई जूनियर इंटरनेशनल चैम्पियनशिप में सिल्वर मेडल जीत चुका है।



कोच डूडी ने बताया कि सचिन ने आठ साल की उम्र में बैडमिंटन खेलना शुरू किया था। सचिन की इस उपलब्धि पर कोच डूडी, पराग मिश्रा, पिता सुरेंद्र झाझड़िया, गणेश नारायण, बैडमिंटन एसोसिएशन अध्यक्ष दिलीप मोदी व कोषाध्यक्ष विकास तुलस्यान ने मिठाई बांटकर प्रसन्नता जताई। उधर श्रीलंका में मंगलवार से शुरू हुई सुपर हंड्रेड इंटरनेशनल बैडमिंटन चैम्पियनशिप 2025 खेलने गए चिड़ावा के बैडमिंटन खिलाड़ी दिशांत थालोर व राजेश वर्मा की जोड़ी बुधवार को दूसरा

मैच ताइवान के हुआन सुंग एवं लिनटिंग यू से हारकर टूनार्मेंट से बाहर हो गई। इससे पूर्व इन दोनों खिलाड़ियों ने अपने पहले युगल मुकाबले में श्रीलंका के शामिरू रणसिंघे और पामुडु रंडीलिंगमा को सीधे सेटों में 21-10, 21-14 से पराजित किया था। गौरतलब है कि थालोर और वर्मा की जोड़ी ने हाल ही सिंगापुर में हुई अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन सीनियर प्रतियोगिता में भी श्रेष्ठ खेल प्रदर्शन किया।

# चैंपियंस ट्रॉफी में क्यों नहीं खेले स्टार्क? खुद बताई वजह, आईपीएल में खेलने पर दिया यह बयान

**ऑस्ट्रेलिया।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान में चल रही चैंपियन्स ट्रॉफी से बाहर रहने के उनके फैसले के पीछे मुख्य कारण टखने का दर्द है। हाल ही में श्रीलंका में श्रृंखला के दौरान टखने में दर्द के अलावा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने यह भी कहा था कि उनके फैसले के पीछे कुछ व्यक्तिगत विचार भी थे।

स्टार्क ने विलो टॉक पॉडकास्ट पर कहा, 'कुछ अलग-अलग कारण हैं, कुछ व्यक्तिगत विचार हैं।' उन्होंने कहा, 'टेस्ट श्रृंखला के दौरान मेरे टखने में थोड़ा दर्द था इसलिए मुझे बस इसे ठीक करने की जरूरत है। बेशक (विश्व) टेस्ट (चैंपियनशिप) फाइनल होने वाला है और उसके बाद वेस्टइंडीज का दौरा है। कुछ आईपीएल क्रिकेट भी है।'

स्टार्क ने कहा, 'लेकिन मेरे दिमाग में सबसे ऊपर फाइनल टेस्ट है। अपने शरीर को ठीक करूंगा, अगले कुछ




महीनों में कुछ क्रिकेट खेलूंगा और फिर (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए तैयार हो जाऊंगा।' 35 वर्षीय स्टार्क ने इन गर्मियों में भारत और श्रीलंका के खिलाफ सात टेस्ट मैच खेले हैं और ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों में सबसे व्यस्त रहे। स्टार्क के अलावा चैंपियंस ट्रॉफी हेजलवुड और पैट कमिंस भी नहीं खेल रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया के लिए आगामी कार्यक्रम काफी व्यस्त है जिसमें जून में लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल होना है। उसके बाद वेस्टइंडीज का तीन टेस्ट का दौरा है। स्टार्क आगामी इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के लिए भी खेलेंगे। चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया को अफगानिस्तान के खिलाफ करो या मरो वाला मुकाबला खेलना है। इस मैच में जीतने वाली टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेगी। यह मुकाबला शुक्रवार को लाहौर में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ अपना पहला मैच जीता था, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच बारिश से धुल जाने की वजह से टीम को नुकसान उठाना पड़ा है। फिलहाल दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया दोनों के तीन-तीन अंक हैं।

# इंग्लैंड चैंपियंस-ट्रॉफी से बाहर अफगानिस्तान ने 8 रन से हराया

## ओमरजई को 5 विकेट, जादरान ने 177 रन बनाए; रूट का शतक




**लाहौर।** चैंपियंस ट्रॉफी में 8 रन की जीत से अफगानिस्तान ने इंग्लैंड को टूनार्मेंट से बाहर कर दिया है। बुधवार को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में अफगानिस्तान ने बैटिंग चुनी। टीम ने 7 विकेट खोकर 325 रन बनाए। इंग्लैंड 49.5 ओवर में 317 रन बनाकर ऑलआउट हो गया। अफगानिस्तान से अजमतुल्लाह ओमरजई ने 5 विकेट लिए, उन्होंने आखिरी ओवर में 13 रन डिफेंड भी किए। ओपनर इब्राहिम जादरान ने 177 रन की पारी खेली, यह चैंपियंस ट्रॉफी इतिहास का सबसे बड़ा इंडिविजुअल स्कोर है। इंग्लैंड से जो रूट ने 120 रन बनाए।

### कैसे बाहर हुआ इंग्लैंड?

ग्रुप-बी में 4 टीमें हैं, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, अफगानिस्तान और इंग्लैंड। एक ग्रुप से 2 ही टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। सभी टीमों के 2-2 मैच होने के बाद साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया 3-3 पॉइंट्स के साथ टॉप-2 पोजिशन पर हैं। अफगानिस्तान ने इंग्लैंड को हराकर 2 पॉइंट्स हासिल किए, टीम तीसरे नंबर पर है। इंग्लैंड एक भी मैच जीत नहीं सकी, टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ आखिरी मैच जीतकर भी 2 पॉइंट्स तक ही पहुंच सकेगी। जो टॉप-2 पोजिशन में पहुंचने के लिए काफी नहीं है। दूसरी ओर अफगानिस्तान ने अगर आखिरी मैच में ऑस्ट्रेलिया को हरा दिया तो टीम सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी अफगानिस्तान टीम ने 37 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। ओपनर इब्राहिम जादरान ने पारी संभाली, उन्होंने कप्तान हशमतुल्लाह शहीदी के साथ 103, अजमतुल्लाह ओमरजई के साथ 72 और मोहम्मद नबी के साथ 111 रन की पार्टनरशिप की। जादरान ने 177 रन की पारी खेली और टीम का स्कोर 320 के पार पहुंचाया। 326 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम ने 2 विकेट 30 रन पर ही गंवा दिए। यहां जो रूट बैटिंग करने उतरे, उन्होंने एक एंड संभाल लिया, लेकिन उन्हें दूसरे एंड से साथ नहीं मिला। रूट ने शतक लगाया और टीम को जीत के करीब ले गए। वे 46वें ओवर में 120 रन बनाकर आउट हुए, उनके विकेट के बाद टीम जीत नहीं सकी।

46वें ओवर में जो रूट का विकेट इंग्लैंड के लिए सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट रहा। अफगानिस्तान से जादरान और नबी की सेंचुरी पार्टनरशिप भी बड़ा टर्निंग पॉइंट साबित हुई। दोनों ने महज 55 गेंद पर 111 रन जोड़े। इसी पार्टनरशिप ने टीम का स्कोर 325 तक पहुंचाया।

खराब शुरूआत के बाद बड़े स्कोर तक पहुंचा अफगानिस्तान अफगानिस्तान ने 37 रन पर 3 विकेट गंवा दिए, लेकिन फिर 3 अहम पार्टनरशिप कीं। इब्राहिम जादरान ने शतक लगाया। कप्तान शहीदी ने 40, ओमरजई ने 41 और नबी ने 40 रन बनाकर स्कोर 325 तक पहुंचाया। टीम ने 50 ओवर में 7 विकेट गंवाए। इंग्लैंड से जोफ्रा आर्चर ने 3 विकेट लिए। आखिरी 3 ओवर में बिखर गया इंग्लैंड 326 रन के टारगेट के सामने इंग्लैंड से बेन डकेट और जोस बटलर ने 38-38 रन बनाए। जैमी ओवर्टन ने 32 रन बनाए, वहीं जो रूट ने शतक लगाया। आखिरी 18 गेंद पर टीम को 24 रन चाहिए थे। टीम 17 रन ही बना सकी और 17 गेंद में आखिरी 3 विकेट गंवा दिए।



# विदर्भ पहली पारी में 379 पर ऑलआउट

## दानिश मालेवार ने 153 रन बनाए, नायर का अर्धशतक; नीधेश-एप्पल को 3-3 विकेट

**नई दिल्ली।** रणजी ट्रॉफी फाइनल विदर्भ और केरल के बीच खेला जा रहा है। गुरुवार को मुकाबले के दूसरे दिन विदर्भ की टीम पहली पारी में 379 रन पर ऑलआउट हो गई है। टीम ने आज 254/4 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने आज 125 रन जोड़े और आखिरी 6 विकेट गंवा दिए।

नागपुर के वीसीए स्टेडियम में केरल ने बॉलिंग चुनी। विदर्भ के लिए दानिश मालेवार ने शतक लगाया। उन्होंने 285 बॉल पर 153 रन बनाए। करुण नायर ने 188 बॉल पर 86 रन बनाए। केरल से एमडी नीधेश और ईडन एप्पल 3-3 विकेट झटके। नेदुमानकुझी तुलसी ने 2 विकेट लिए। जलज सक्सेना को 1 विकेट मिला।

पहले दिन विदर्भ ने 4 विकेट गंवाए विदर्भ ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 4 विकेट खोकर 254 रन बना लिए हैं। दानिश मालेवार ने शतक लगाया। लंच तक विदर्भ ने 3 विकेट के नुकसान पर 81 रन बनाए। दानिश मालेवार और करुण नायर नाबाद लौटे। ध्रुव शोरे 16 और दर्शन नालकांडे 1 रन बनाकर आउट हुए। वहीं,



पार्थ रेखाडे खाता भी नहीं खेल सके।

सेमीफाइनल में विदर्भ ने मुंबई, केरल ने गुजरात को हराया था नागपुर के वीसीए स्टेडियम में खेले गए पहले सेमीफाइनल में विदर्भ ने मुंबई को 80 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाया था। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में गुजरात के खिलाफ केरल पहली पारी में 2 रन की बढ़त लेने के कारण फाइनल में पहुंचा था।

रणजीत सिंह के नाम पर होती है रणजी ट्रॉफी रणजी ट्रॉफी की शुरूआत साल 1934 में हुई थी। क्रिकेट में तमाम उपलब्धियां हासिल करने वाले रणजीत सिंह का निधन 2 अप्रैल, 1933 को हुआ था। उनके नाम पर ही भारत में जुलाई 1934 में रणजी ट्रॉफी खेलने का प्लान बना और पहला सीजन 1934-35 में हुआ। टूनार्मेंट का पहला मैच 4 नवंबर 1934 को हुआ था।

मुंबई सबसे सफल टीम मुंबई रणजी ट्रॉफी की सबसे सफल टीम है, जिसके नाम रिकॉर्ड 42 खिताब हैं। मुंबई डिफेंडिग चैंपियन है। टीम ने 2023-24 सीजन के फाइनल में विदर्भ को हराया था।

# ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू कुह्नेमन का बॉलिंग एक्शन लीगल

**ऑस्ट्रेलिया।** आईसीसी ने ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुह्नेमन को अवैध बॉलिंग एक्शन के मामले में बरी कर दिया है। वे अब इंटरनेशनल क्रिकेट में फिर से बॉलिंग कर सकेंगे। उन्होंने पिछले सप्ताह क्वींसलैंड में टेस्ट दिया था, आईसीसी ने 26 फरवरी को उन्हें टेस्ट में पास कर दिया।

इसी साल जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान कुह्नेमन का बॉलिंग एक्शन संदिग्ध पाया गया था। उनपर आरोप लगा था कि बॉलिंग करते वक्त उनकी कोहनी 15 डिग्री से ज्यादा मुड़ रही थी, जो आईसीसीके गेंदबाजी नियमों के खिलाफ है। इसके बावजूद उन्होंने बॉलिंग की और 2 टेस्ट में 16 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 से सीरीज जीती थी। ब्रिस्बेन के नेशनल क्रिकेट सेंटर में कुह्नेमन की गेंदबाजी की जांच की गई। टेस्ट के दौरान मैट को उसी स्पीड से गेंदबाजी करने के लिए कहा गया, जैसी उन्होंने गॉल में दूसरे टेस्ट के दौरान की थी। इस दौरान उन्होंने अपने शरीर पर मार्कर पहने हुए थे और कई हाई-स्पीड कैमरों और 3-ऊमोशन एनालिसिस सिस्टम से घिरे हुए थे।